श्रीमती पार्वती कृष्णन बहुत जोरों से मजदूरों की समस्याओं को और महंगाई की समस्या को यहां उठाती हैं, और कहती हैं कि उनका मन फट रहा है । लेकिन क्या कभी उन्होंने पूर्वी उत्तर प्रदेश के हरिजनों तथा दूसरे लोगों को गोबर में से अन्न बीन कर खाते हुए देखा है । माननीय शिव नारायण इसका साक्षात् प्रमाण दे सकते हैं । पूर्वी उत्तर प्रदेश की गरीबी की हालत यह है कि आज भी वहां का आदमी, गरीब आदमी गोबर में से अन्न बीन बीन कर खाता है चैत मास के अन्दर, जिस को गुबरी बोलते हैं । चैत में जब फसल कटी है, आप चल कर देख लें, वहां आदमियों और चिड़ियों में होड़ लगी रहती है कि खेत में गिरे हुए दाने को उठा कर कौन ले जाता हैं ।

गरीबी का चित्रण आपके सामने रखने के लिए मैं वहां की इंडेटिडनैस का एक आंकड़ा देना चाहता हूं । आज जौनपुर में और मैं समझता हूं कि मोर और लैस सारे पूर्वी उत्तर प्रदेश में, पटेल कमिशन की रिपोर्ट के अनुसार हर किसान के घर में औसतन इतना ही गल्ला पैदा होता है जिस को साल भर में एक महीने ही अपने घर में रख कर वह खा सकता है और ग्यारह महीने उसको कर्ज लेकर खाना पड़ता हैं । इस दुर्लक्ष्यता का यह परिणाम है कि हमारे ऊपर इतना कर्जा लद गया है—200 प्वाइंट समथिंग परसेंट । इतनी अधिक रूरल इंडेटिडनैस बढ़ गयी है ।

**एक माननीय सदस्य** : हरिजन ही बीन बीन कर इन दानों को खाते हैं, या दूसरे भी खाते हैं ?

**श्री यादवेन्द्र दत्त** : : सभी खाते हैं ।

इस हाउस में हरिजनों के बारे में बड़ा प्यार लोगों में उमड़ता है । लेकिन मैं एक प्रश्न पूछता हूं उपाध्यक्ष महोदय, और हिम्मत के साथ पूछता हूं कि यहां बहुत से लोग बैठे हुए हैं जिनके पास काफी जमीनें हैं, उनमें से कितनों ने अपनी जमीनें हरिजनों को दी हैं ? मैं कह सकता हूं कि मैंने दी है, और इस विषय पर अधिक नहीं कहना चाहता क्योंकि वह अपनी आत्मश्लाघा होगी । और अगर किसी माननीय सदस्य को शक हो, तो जौनपुर में मेरी पुरानी स्टेट में चले जायें । एक भी हरिजन अगर उनको भूमिहीन मिल जाय, तो मैं राजनीति से इस्तीफा दे कर बाहर जाने को तैयार हूं । आज से 25 वर्ष पहले हम लोग हरिजनों को जमीनें दे चुके हैं । आप त्याग की बात करते हो तो त्याग कर के दिखाओ खाली बैठकर उधर से हमारे प्रधान मंत्री पर आक्षेप करो, इसकी कोई कीमत नहीं ।

आज हमारी गरीबी की हालत का कारण यह है कि अधिकांश पूर्वी उत्तर प्रदेश की आमदनी का स्रोत शूगर केन है । जौनपुर की बात छोड़कर मैं और जिलों के बारे में बता दूं कि आजमगढ़, देवरिया, बस्ती, गोरखपुर यह सारे जिले शुगर केन एरियाज है । हमारे यहां गन्ने के प्रोडक्शन से कितनी चीनी निकलती है ? उत्तर प्रदेश का एक बड़ा भारी भू-भाग, जहां की जनसंख्या 7 करोड़ है, वहां जो मूल स्रोत है उनकी आमदनी का जिसको आप कैश क्रोप कहते है, वह शुगर केन है । आज वहां स्थिति क्या है ? मैं एकरेज अन्डर शूगर केन में नहीं जाता, यील्ड पर हैक्टर बतला रहा हूं । आजमगढ़ में चीनी की यील्ड पर हैक्टर 3,113 किलोग्राम है । अब इसके साथ साथ, उपाध्यक्ष महोदय, अगर आप देश के दूसरे सूबों का भी कमपेरिजन करते चलें तो ज्यादा अच्छा होगा । बस्ती में यील्ड है 3,598 किलोग्राम प्रति हैक्टर और जौनपुर में 3,502 किलोग्राम प्रति हैक्टर अब इससे आप जरा मुकाबला करें आंध्र

प्रदेश का मुझे खुशी है कि हमारे देश में एक हिस्सा न जिसके अन्दर शूगर केन का इतना अच्छा उत्पादन है, और खुशी है कि वहां का शूगर प्रोडक्शन प्रति हैक्टर बहुत अधिक है, और देश में सबसे अधिक है । आंध्र प्रदेश में 8,747 किलोग्राम प्रति हैक्टर उत्पादन है । हमारे इलाके से करीब करीब तिगुना है । असम में 3,829 किलोग्राम प्रति हैक्टर, जो हमसे बहुत सायनों में पिछड़ा हुआ प्रदेश है, लेकिन चीनी में आगे है । इसी प्रकार से सारे हिस्से में देखें, तो 6,000, 7,000, 8,000 किलोग्राम प्रति हैक्टर चीनी का उत्पादन है । एक माननीय सदस्य महाराष्ट्र का पूछ रहे हैं कि वहां क्या उत्पादन है ? महाराष्ट्र में 9,601 किलोग्राम है । तो हम गरीब क्यों नहीं होंगे ? प्रश्न उठता है कि यह इमबैलेंस क्यों है ? और मैं स्पष्ट कहता हूं, कोई घमन्ड की बात नहीं कि पूर्वी उत्तर प्रदेश की जमीन सबसे अधिक जरखेज जमीन है, गंगा-जमना का दोआबा एक समय सरप्लस था और अगर हमारे मित्र लाइब्रेरी में जाने का कष्ट करें तो 1921 की ऐग्रीकल्चरल रिपोर्ट निकाल कर देखें तो पायेंगे कि उस समय उत्तर प्रदेश एक सरप्लस स्टेट थी और हम देश के दूसरे भागों को गल्ला भेजते थे--100 मिलियन टन तक ब्रिटिश एम्पायर के जमाने में । और आज हमारी यह हालत क्यों हो गई है, खासकर पूर्वी उत्तर प्रदेश की ? इसीलिये कि सारा शूगर केन अनइरीगेटेड है । इर्रीगेशन का जितना जाल बिछा हुआ है आंध्र प्रदेश में, महाराष्ट्र में, और माननीय पाटिल साहब से अगर कहूं, मराठवाड़ा को छोड़ कर, उतना हमारे यहां सिंचाई का जाल नहीं है । तो जितना अधिक इर्रीगेशन होगा गन्ने के लिये उतना ही अधिक चीनी का उत्पादन होगा । हमको इर्रीगेशन देते नहीं और कहते हो कि तुम्हारे गन्ने में चीनी कम है इसलिये तुम्हारे गन्ने का भाव कम होगा । मुझे बताया गया कि हमारे यहां गन्ने का दाम 12 रुपये प्रति क्विंटल है, और सूखी लकड़ी, जो चूल्हे में जलायी जाती है, उसका है 20 रुपये क्विंटल । रिक्वरी हमारे यहां कम है, इसलिये हमारा किसान कम पैसा पाता है । और रिक्वरी कम इसलिये है कि सिंचाई नहीं है ।

दूसरा कारण यह है कि हमारे जिले में 12 लाख आदमी हैं और हमारे पास एक मील सड़क है और सड़क के लिये मैं जौनपुर का क्लासिकल उदाहरण दिये देता हूं । उत्तर प्रदेश के बहुत बड़े जिलों में जौनपुर जिला है और उसमें केवल एक पक्की सड़क लम्बी चौड़ी है--सुल्तानपुर से जौनपुर होते हुए मिर्जापुर तक । उस के इधर उधर कोई सड़क नहीं है । दूसरी सड़क जौनपुर से बदलापुर होते हुए सुल्तानपुर जाती है । इस के अलावा और कोई सड़क नहीं है ।

जौनपुर में आलू बहुत पैदा होता है--फरुखाबाद के बाद उसी का नम्बर है । जो गांव सड़क के किनारे पर हैं, उन्हें तो ठीक भाव मिलता है । लेकिन दूसरे गांव सड़क से जितनी ही दूर है, कार्टेज के नाम पर उतना ही भाव घट जाता है । इस वजह से उन गांवों की कृषि अनइकानोमिक होती जाती हैं, और सिंचाई की व्यवस्था न होने के कारण पैदावार नहीं बढ़ पाती है, और दाम भी ठीक नहीं मिल पाता है । नतीजा यह है कि उस क्षेत्र की आर्थिक स्थिति दिन-ब-दिन नीचे गिरती जा रही है ।

जौनपुर की स्थिति यह है कि हर महीने बम्बई और कलकत्ता से छः लाख रुपये के मनी-आर्डर आते हैं, तब जौनपुर के लोगों के घर का खर्चा चलता है । अगर बाहर के सब स्रोत बन्द हो जायें, तो वहां के लोगों का जीवन-यापन असम्भव हो जाये । गोरखपुर और देवरिया आदि से न जाने कितनी लेबर धनबाद और कलकत्ता आदि नगरों में गई हुई है । अगर वे लोग पैसा बचा कर न

[श्री यादवेन्द्र दत्त]

भेजें, तो इस क्षेत्र में घरों में खाने के लिए भूंजी भांग भी नहीं रहेगी ।

हमारे मित्र पूछ सकते हैं कि मैं ये सारे आंकड़े क्यों दोहरा रहा हूं । मैं यह सारे आंकड़े इसलिए दोहरा रहा हूं कि हमारे बहुत से मित्र नये हैं, बहुत से ऐसे मित्र हैं जो इस विषय में कुछ नहीं जानते है, और उधर बहुत से ऐसे मित्र है जो जानते हुए भी सो रहे हैं । इस लिए सब को जगाने के लिए ही मैं ये आंकड़े दे रहा हूं ।

प्रश्न यह है कि उत्तर प्रदेश की यह स्थिति क्यों है ? यह बिल्कुल स्पष्ट है कि किसी भी राज्य का उदय और विकास वहां की राजनैतिक स्थिरता, पोलीटिकल स्टेबिलिटी, पर निर्भर करता हैं । यह उत्तर प्रदेश का दुर्भाग्य रहा है कि स्वर्गीय पन्त जी के बाद उस राज्य को न पोलीटिकल स्टेबलिटी मिली है और न डायनामिक लीडरशिप मिली है । एक डायनामिक मुख्य मंत्री हुआ था—चौधरी चरण सिंह, जिन की सरकार को कांग्रेस के मित्रों ने नौ महीने भी नहीं चलने दिया और उस को तोड़ दिया ।

**एक माननीय सदस्य** : वहां प्राजेक्ट नहीं दिये गए ।

**श्री यादवेन्द्र दत्त** : वहां पर प्राजेक्टस तो बहुत हैं, लेकिन उनका एक्सीक्यूशन नहीं होता । इस बात से मुझे एक कहानी याद आ गई है । एक बारात किसी के दरवाजे पर पहुंची, मगर उस घर में खाने की कोई व्यवस्था नहीं थी । उन्होंने सोचा कि कसे उन्हें टाला जाये । उन्होंने एक बड़ी लम्बी फेहरिस्त दे दी कि इतने छुरी-कांटे, इतनी प्लेटें, इतनी थालियां और इतने लोटे आ रहे हैं । । बरातियों को इससे कुछ उम्मीद हुई । लेकिन कोई भी चीज नहीं आयी । कुछ समय के बाद उन्हें कह दिया गया कि घर में सबको हैजा हो गया है ।

वही हाल प्र जेक्टस का हुआ है । प्राजेक्टस बनाई गई, लेकिन उनका कोई परिणाम नहीं निकला, क्योंकि एक तो वहां पोलीटिकल स्टेबिलिटी नहीं थी, और दूसरे, इम्प्लीमेंटेशन की मशीनरी नहीं खड़ी की गई । तीस वर्ष के बाद आज भी वहां कोई मशीनरी नहीं है । मुझे कभी कभी आश्चर्य होता है कि शासन का जो ढांचा अंग्रेज छोड़ कर गये, उसमें आज तक हम कोई परिवर्तन नहीं कर सके । आखिर शासन का ढाचा बनता कैसे है ? जो शासक होते है वे अपनी आवश्यकता के अनुसार बनाते हैं अंग्रेजी ने अपनी आवश्यकता के लिए ढांचा बनाया । उसी ढांचे को पीटते हुये हम चले आए और उसी ढांचे का नतीजा हैं कि यहां एमर्जेंसी लग सकी । किसी को पता नहीं चला, किसी से पूछा नहीं गया । अगर ढांचे में परिवर्तन हुआ होता, रूल्स रेगुलेशंस में परिवर्तन हुआ होता, तो सम्भवतः इस तरह की एमर्जेंसी लगा कर तानाशाही नहीं आ सकती थी । परन्तु वह ढांचा था इम्पीरियलिज्म का, और उस इम्पीरियलिज्म के ढांचे के ऊपर कुछ भी किया जा सकता है ।

तो अवश्यकता क्या है ? पहली आवश्यकता यह है कि हमारे प्रदेश का और सारे बैकवर्ड एरियाज का टेक्नो-इकोनामिक सर्वे होनी चाहिये । मैंने पूछा कि टैक्नो-इकानामिक सर्वे की कोई रिपोर्ट आपके यहां है, तो पता लगा कि कुछ नहीं है । . . .जब तक टैक्नो-इकोनोमिक सर्वे नहीं होगा तब तक आगे काम नहीं हो सकता . . . (**व्यवधान**) .

**एक माननीय सदस्य** : कमीशन से घबड़ा रहे हैं माननीय साठे साहब ।

**श्री यादवेन्द्र दत्त** : यह कमीशन और ओमिशन दोनों से घबड़ाते हैं । इनके घबड़ाने की बात को छोड़ दीजिए । साठे साहब तो

कभी कभी हमको 'दाढ़ी में तिनके वाली' पुरानी मसल याद दिलाते हैं ।

फिर दूसरी बात यह है—Preparation of a long-term perspective programme based on local resources endowed in the region and needs of the local people.

अगर आप विकास करना चाहते हैं, तो स्थानीय आवश्यकता क्या है इस की जानकारी होनी चाहिये, और उस आवश्यकता को पूरा करने के लिए हमारे रिसोर्सेज वहां पर क्या हैं ? यह कटोरा ले कर भीख मांगने की पद्धति हम लोग बन्द करें । हम दुनियां से ट्रेड मांगें, एड नहीं । हम एड मांगने के लिए नहीं तैयार हैं । और मैं एड में विश्वास नहीं करता हूं हम ट्रेड मांगें . . . . .

**प्रधान मंत्री (श्री मोरारजी देसाई)** : मांगें क्यों ? हम उनसे ट्रेड करें ।

**श्री वाजपेयी** : मेरा मतलब यही है कि हम उन से ट्रेड करें ।

Our demands are for trade, not for aid.

तो जो हमारे लोकल रिसोर्सेज हैं, जो लोकल नीड्स हैं उन के ऊपर प्लान्स का आधार होना चाहिये । हमारी लोकल नीड्स क्या हैं ? आज पहली लोकल नीड है सड़क । अगर सारे पूर्वी उत्तर प्रदेश में कम्यूनिकेशन हमको मिल जाता है तो हमारा विकास हो जाएगा । कुछ ह्यूमन इनीशिएटिव से होगा; कुछ इस सरकार के माध्यम से होगा, कुछ प्रान्तीय सरकारों के माध्यम से होगा और कुछ स्थानीय माध्यम से होगा । लेकिन अगर कम्यूनिकेशन नहीं रहा, तो कोई विकास नहीं होगा । तो पहली आवश्यकता है कम्यूनिकेशन की ।

दूसरी आवश्यकता है इरीगेशन और ड्रिंकिंग वाटर की । पूर्वी उत्तर प्रदेश ही इसके लिए मशहूर है, जहां की घेघा की कहानी प्रचलित है । गले में बड़े बड़े घेघे होते हैं । लैक आफ आयोडिन और अन्यान्य चीजों की कमी के कारण यह रोग होता है । तो आवश्यकता है ड्रिंकिंग वाटर की, शुद्ध पेय जल की । एक ओर सड़कों का विकास हो, उसके साथ साथ रेल का विकास भी चाहिए । मैं एक उदाहरण देना चाहता हूं । मदोही का नाम मशहूर है कारपेट एक्सपोर्ट के लिए । लेकिन उस कारपेट के एक्सपोर्ट में 40 प्रतिशत कालीन जौनपुर की मडियाहूं और मछलीजहां तहसील में बनायी जाती है और ये दोनों तहसील ऐसी हैं कि जिनमें सड़कों का नाम तक नहीं है । चुनाव में हम लोगों की जीपों की स्प्रिंग तीन तीन चार चार बार मड़ियाहूं तहसील में टूटे, तो भगवान की बड़ी दया है । पैदल जाना वहां आसान है लेकिन सड़क से जीप से पड़ोसी गांव तक भी जाने में तीन तीन घंटे लगते हैं.....(**व्यवधान**)....

मुझे कहना बहुत है, थोड़ा कह लेने दें । 16 वर्षों के बाद इन बातों को कहने का अवसर आया है और सरकारें सो जाती हैं उनको जगाने का अवसर भी आया है । इसलिए मानवता के नाम पर आप से प्रार्थना करता हूं कि मुझे समय दें ।

तो पहली आवश्यकता सड़कों की है, सड़कों के साथ पानी चाहिये । पेय जल की स्थिति यह है कि जहां जनवरी आती है, मिर्जापुर का जो पहाड़ी क्षेत्र है जो सारा विन्ध्य के पठार पर है, वहां पीने के पानी का नाम नहीं रह जाता और उसका असर जौनपुर में भी आता है । मड़ियाहूं तहसील का जो बरसठी इलाका है, उसके रामपुर ब्लाक और बरसठी ब्लाक में जनवरी में पीने का पानी नहीं रह जाता । लोग कुंएं से कीचड़ निकालते हैं, उसे कपड़े में बांध कर टांग देते हैं, जो पानी टपक टपक कर गिरता है उसको पीते हैं । जहां हमें इरीगेशन चाहिये वहीं पेय जल की योजना भी चाहिये और साथ ही रेलवे भी चाहिये ।

16 hrs.

जैसा कि मैं पहले कह रहा था जहां तक कालीन उद्योग की स्थिति का सम्बन्ध है, आज

[ श्री यादवेन्द्र दत्त ]

कालीन बुनने वाले भदोही के मड़ियाहूं तहसील से और मछलीशहर तहसील से रा-मैटीरियल साइकिलों पर लाते हैं । एक साइकिल पर कितना रा-मैटीरियल आ सकता है ? कितने कालीन लदेंगे एक साइकिल पर यह जरा बता दीजिए । एक साइकिल पर मुश्किल से एक कालीन का रा-मैटीरियल आता है । कालीन बुनने के बाद लोग ऊंटों पर लाद कर ले जाते हैं । अगर रेलवे बन जाये और बहुत दूर तक रेलवे बनाने की भी जरूरत नहीं है--बरसठी रेलवे स्टेशन से भदोही मुश्किल से दस मील है, इसको भदोही से कनेक्ट कर दिया जाए और सड़कें बन जायें तो जो परिवार आज एक कालीन बनाता है वह सड़क से, गाड़ियों से और रेलवे से दो चार कालीनों के लिए रा-मैटीरियल ला सकता है और घर में बैठ कर कालीन बना कर भदोही भेज सकता है । इस प्रकार से उसकी इनकम बढ़ जायेगी, उसका सेल्फ-एम्प्लायमेंट बढ़ जाएगा ।

मैं उस एरिया के विकास के लिए कुछ और सुझाव प्रधान मंत्री जी को देना चाहता हूं क्रिएशन आफ इकोनामिक एन्फ्रास्ट्रक्चर । यदि आप औद्योगिक विकास चाहते हैं, तो बिना इन्फ्रास्ट्रक्चर के औद्योगिक विकास नहीं होगा । सारे पूर्वांचल के लिए एक बार तो चार करोड़ रुपए दिए गए थे, लेकिन 1965-66 में वह भी देना बन्द कर दिया गया । इसलिए पहले इन्फ्रा-स्ट्रक्चर चाहिये । औद्योगिक विकास के लिए पावर भी चाहिये । आज जौनपुर की स्थिति यह है--मैं इसलिए वहां का उदाहरण दे रहा हूं क्योंकि हमारे सिर पर बीतती है अन्यथा जो हालत जौनपुर की है वही हालत गाजीपुर की है, मिर्जापुर की है, बलिया की है, देवरिया की है और गोरखपुर की है ? कि जिस दिन बिजली आ जाये उस दिन हम समझते है दिवाली हो गई, नहीं तो अमावस्या बराबर हमारे घरों में रहती है । फोन करिए तो कोई उठाता नहीं है । कभी मालूम होता है कि ओबरा की टर्बाइन टूट गई, तो कभी रास्ते में तार टूट गया । तो वहां पर हमें रेगुलर बिजली की सप्लाई चाहिए, तभी औद्योगिक विकास सम्भव हो सकता है ।

तीसरी आवश्यकता इस बात की है कि वहां पर फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन्स बनाये जायें । उद्योग चलाने के लिए फाइनेंस चाहिए । बिना पैसे के यह कैसे हो सकता है ? सरकार के जो फाइनेंशियल आर्गेनाईजेशन्स हैं उनका वहां पर पूरा उपयोग होना चाहिए । साथ ही यह भी आवश्यक है कि उनके रूल्स में बदलाव किया जाये । आज के रूल्स के अन्तर्गत यदि किसी छोटे आदमी को फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन से कर्जा लेना हो तो वह पा नहीं सकता है क्योंकि उस में इतने आधिक हिन्डेंसेस है । मैं कहता हूं की कार्पेन्टर है, वुडवर्कर है या माइकिल पार्टस बनाता है उसको रा-मैटीरियल के अगेंस्ट फाइनेंस किया जाये ।

इसके साथ ही वहां पर एजूकेशन भी चाहिए । उत्तर प्रदेश का वह हिस्सा आज यू ही इस मामले में पिछड़ा हुआ है, मैं उसके आंकड़ों में जाना नहीं चाहता हूं । हमें वहां पर एजूकेशन चाहिए, लेकिन टेक्निकल एजूकेशन हम बाबू बनाने वाली एजूकेशन नहीं चाहते हैं, क्योंकि बाबू बनाकर हम बेरोजगारी ही बढ़ायेंगे । इसलिए वहां पर टेक्निकल एजूकेशन चाहिए । मैं इसके लिए बड़े जोर से आग्रह करूंगा कि प्रान्तीय सरकार का सहयोग लेते हुए केन्द्र इस चीज को अपने हाथ में ले । और केन्द्र के माध्यम से सारा विकास हो, क्योंकि अगर आज आप एक हजार करोड़ रुपया भी लगा देंगे, तो भी दस वर्ष में हम उस स्तर पर पहुंचेंगे जिस स्तर पर सारा हिन्दुस्तान 1961 में था । आज हम इतना ज्यादा पिछड़े हुये हैं ।

तीसरी आवश्यकता यह है कि एक डवलपमेंट अथारिटी बननी चाहिये--केन्द्र में । उस अथारिटी के माध्यम से केन्द्र को विकास करना

चाहिये। मेरी मांग है कि हमारे विकास की दृष्टि से हमारा एक आर्गेनीजेशन होना चाहिये।

जहां तक कृषि का प्रश्न है—आज हमारी गरीबी का कारण यह है कि हम डबल और मल्टिपल क्रापिंग सिस्टम को फैलाव नहीं करते हैं। उसके लिए जहां पानी चाहिये, खाद चाहिए, वहां इन चीजों को खरीदने के लिए पैसा चाहिये। हमारे उस एरिया में 80 प्रतिशत किसान छोटे-किसान हैं और इतनी ज्यादा फाइनेन्शल डिफिकल्टी में हैं कि वे इन चीजों को खरीदने की सामर्थ्य नहीं रखते। इसलिए, उपाध्यक्ष, महोदय, हमारा निवेदन है कि हमारे पूर्वी उत्तर प्रदेश को मल्टीपल-क्रापिंग-सिस्टम-आफ-एग्रीकल्चर के अंतर्गत लाना चाहिये। उसके लिए खाद, पानी सब्सिडाइज्ड रेट पर पर्याप्त मात्रा में दें।

इन शब्दों के साथ मैं आप का आभारी हूं—आप की आज्ञा का उल्लंघन करते हुये भी मैं बोलता गया और आपने मुझे बोलने दिया। एक चीज मैं अभी भी कहना चाहता हूं—जो हमारी हालत है, उस हालत की वेदना को यदि आप सुनना चाहें तो मैं भोजपुरी में एक लाइन आप की सेवा में पेश कर दूं—उससे हमारी सारी वेदना स्पष्ट हो जाती है—

"कहिला खिलाओं दूध-भात साथी,
लगली भू मंगनी भात,
उछड़ मरला बिलात साथी,
कहिला बड़ घात साथी।"

उस सरकार ने तीन वर्ष तक हमारे साथ घात किया है, आज आपको उस का प्रायश्चित करना होगा और प्रायश्चित का एक ही मार्ग है कि एटलीस्ट 1200 करोड़ रुपया उन 12 डिस्ट्रिक्ट्स के विकास के लिए भारत सरकार दे। उसके लिए एक स्पेशल अथारिटी बनाये और उसके माध्यम से उस क्षेत्र का सर्वांगीण विकास किया जाये, तब इस कमीशन की रिपोर्ट का कोई अर्थ होगा, अन्यथा "दे आर ओनली रिपोर्टस आफ ओमीशन्स" और इस ओमीशन के भागीदार हमारे वे मित्र हैं जो उधर बैठे हुये हैं।

इन शब्दों के साथ मैं फिर प्रधान मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि वे मेरी बात को अस्वीकार करते हुये हमारे विकास, हमारी गरीबी को दूर करने की दृष्टि से, उस प्रदेश के साढ़े-सात करोड़ लोगों के उत्थान की दृष्टि से कोई आश्वासन दें और मैं उस आश्वासन का स्वागत करूंगा।

MR. DEPUTY SPEAKER: Motion moved:

"That this House regrets that the Government have not so far implemented the recommendations of the Joint Study Team set up in 1962 by the Planning Commission and the Government of Uttar Pradesh (Patel Commission) regarding the steps to be taken for the removal of the economic backwardness of four districts of Eastern Uttar Pradesh."

SHRI BRIJ BHUSHAN TIWARI (Khalilabad): I beg to move:

That in the motion,—

*add* at the end—

"and directs the Government to submit its schemes to the House within three months to implement the recommendations of the said Joint Study Team." (1)

SHRI RAM DHARI SHASTRI (Padrauva): I beg to move:

That in the motion,—

*add* at the end—

"and further regrets that 15 years have passed but nothing has been done so far and therefore directs the Government that a special authority be created for the purpose before March 31, 1978." (2)

**SHRI UGRASEN** (Deoria): I beg to move:

That in the motion,—

*add* at the end—

"and calls upon the Government to ensure that sufficient funds are provided by the Central as well as State Government so that the recommendations of the Patel Commission are implemented within two years." (3)

SHRI M. V. KRISHNAPPA (Chikballapur): I visited the Eastern Districts of U.P. 25 years ago when it was reported in this House that people were starving and dying in the month of September. It was the first visit of mine, after my appointment as Deputy Minister of Food and Agriculture, along with our leader Shri Rafi Ahmed Kidwai. We flew from Calcutta and landed at Ghasia. Those four districts are really very backward districts. Not only in U.P., all over the country there are certain pocket —chronically deficient areas—Failure of rains, over-population and various other backwardnesses of the area are responsible for this Various Commissions, Ministries and Planning Commission have given thought to it and they have planned certain schemes.

Especially in the Eastern districts, they seem to have made no mark at all. UP has the richest soil in the country It has got the two great sacred rivers of India, Ganga and Yamuna. It has given us our Prime Ministers after the freedom of the country. And yet it is most unfortunate that this State should remain one of the backward States in the country. The people of the State remain poor. Probably that might be one of the reasons why Mr. Jayaprakash Narayan wanted to divide some of the bigger States into smaller ones so that more of attention could be paid to the various parts of the backward areas. There are places like Deoria, Basti and Gorakhpur and various other parts which we visited at that time. They are backward. If the rain is delayed, if the monsoon does not set in in time, people suffer a great deal. I know people who have migrated from there to various parts of India. There are some who have migrated to various parts of the world. Even people living in Surinam, Dutch Guiana and so on trace their origin to eastern districts of UP and western districts of Bihar. They are very lovable people. They are very loyal people. They are very patriotic people. In fact, one of the persons who went to Dutch Guiana about 25 years ago became a Minister there, one Mr. Misra by name. I went to receive him at Palam Airport. He became the Minister in the country, now called Surinam. As soon as he landed at the airport, he left the place, went ahead and took the sacred earth and put it on his head. He told me that he had come here for the first time in his life. He told me that it was his sacred duty to bow to mother earth. He put the sacred mother earth on the head of his wife also. They are such lovable people, who still love the country. They should not be left in the lurch, they should not be allowed to face various kinds of difficulties. There are people who work as casual labourers, as riskshaw-pullers and so on. They are doing various kinds of jobs.

These parts of our country require reorganisation, reorganisation in the sense that we develop the area further, we put in more agro-based economic industries and so on. We should provide them with more and more of irrigation facilities. What is necessary is that there should be, migration in view of the increase of population and the land. Government must move these people where we create big projects. Take Tungabadhra project for instance. We had to spend Rs. 250 to Rs. 300 crores. It took us 15 to 20 years. There were difficulties encountered because the people of the area did not know methods of irrigation. People from other areas could have been moved by planned governmental action. More people

would have offered to go in there if colonies were created and land given to them. They would have developed the area very quickly. That should have been done rather than leaving the area for natural development. In respect of such areas where we want to create irrigation potential, where we want to put in big projects, instead of leaving this to natural development, Governmental planned action should be taken to move people from our densely populated regions. If you move them in thousands they will go there. I have seen this that individuals may not like to go, but if you move them in thousands, if you move them with all their relatives and kith and kin, they would like to go there, because they want to live with their own relatives etc. So, what I feel is that the Government itself should have prepared a plan to remove these populations to the places where we are building huge, big, irrigation projects. There the land has to be developed. We spend Rs. 100 crores but it takes 20 to 25 years to bring all the targeted area under irrigation and in all these twenty years, the whole money which we have invested is going to be a waste. Instead of allowing for a natural development to take place for the irrigation potential, it is better we move people from these thickly populated areas where the land resources are limited, where water resources are limited and where, in spite of Government's efforts to bring them forward—it would be a very difficult thing in deed—it is better that Government should have a plan of moving the people. This is being done in many parts of the globe—not in our country—and, in America, they did that. And whenever they found a new State where a particular industry could be developed or where horticultural develoment was possible, there they move the people. In California they moved the people. There it was possible to develop the horticulture in a big way where the entire population of America could be moved. Government helped them that way.

I would here appeal to the Prime Minister to have a plan for the mass movement of people of these thickly populated areas where resources are limited, to such places where huge projects are created and huge amounts are spent.

With these words, I sympathise with Shri Dutt for the development of eastern districts in U.P. I feel that a lot has to be done for the development of the eastern districts of U. P.

**श्री हरिकेश बहादुर** (गोरखपुर) : मान्यवर, मैं सर्वप्रथम आपको धन्यवाद देना चाहता हूं कि आपने एक बहुत अहम सवाल पर बोलने का मुझे मौका दिया है ।

**16.17 hrs.**

[Shri D. N. Tiwary *in the Chair*].

पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिलों के सम्बन्ध में जो ज्वाएंट स्टडी टीम की रिपोर्ट आयी है वह गाजीपुर, आजमगढ़, देवरिया और जौनपुर जिलों के ऊपर है । जब कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में गोरखपुर, वाराणसी और फैजाबाद डिवीजनों के लगभग 12 जिले आते हैं और लगभग सभी जिलों की स्थिति ऐसी है । यहां तक कि लखनऊ और इलाहाबाद डिविजनों के तमाम जिलों की स्थिति भी उसी प्रकार की है जैसी कि ऊपर बताये गये जिलों की है ।

जो समस्याएं आज इन जिलों को जनता के सामने है, अगर मैं विस्तार से उस पर प्रकाश डालने लगूं तो बहुत समय लग जाएगा, इसलिए मैं संक्षेप में कुछ बातें आपके सामने रखना चाहता हूं । इन जिलों में यातायात की कमी है और वह इस कारण से है कि इस क्षेत्र में सड़कों की कमी है । सड़कों की कमी के कारण से इस क्षेत्र का पूरा विकास नहीं हो सका । अगर मुझसे कहा जाए कि उस क्षेत्र के विकास के लिए सबसे पहले कौन-सा कदम उठाना चाहिए तो मैं साफ तौर पर सरकार से निवेदन करना चाहूंगा कि उस क्षेत्र के विकास के लिए हमें सर्वप्रथम सड़कों का निर्माण करना होगा । वहां पर लिंक

[श्री हरिकेश बहादुर]

रोड्स की कमी के कारण लोग एक गांव से दूसरे गांव में आ-जा नहीं सकते हैं। बरसात के दिनों में तो सड़कों की कमी के कारण और भी बुरी हालत उस क्षेत्र में हो जाती है और वे बाहरी दुनियां से कटसे जाते हैं।

इसके साथ, ही वहां सिंचाई की कमी के कारण हमेशा सूखा पड़ा करता है और किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। लगभग भुखमरी की स्थिति वहां पर पैदा हो जाती है। इसलिए वहां जहां सड़कों का निर्माण करने की आवश्यकता है, उसी के साथ साथ वहां सिंचाई की सुविधाएं भी जुटाने की आवश्यकता है।

उस क्षेत्र के लिए तीसरे बांधों के निर्माण को टाप प्रायरटी देने की जरूरत है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिलों में तमाम नदियां बहती हैं और बरसात के दिनों में वहां इतनी भयंकर बाढ़ आती है कि सैकड़ों और हजारों वर्ग मील तक खेत पानी में डूब जाते हैं। इन नदियों से करोड़ों रुपये की क्षति होती है और जन-धन का नुकसान होता है। इस सब को रोकने के लिए वहां बांधों का निर्माण भी बहुत आवश्यक है। कुछ बांध वहां बनाये भी गए हैं लेकिन आज भी बांधों की वहां विशेष कमी है। गोरखपुर में राती नदी के किनारे बांध न होने से वहां पर फसल को काफी क्षति पहुंचती है। किसानों को नुकसान उठाना पड़ता है। ऐसी हालत में मैं माननीय प्रधान मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में सड़कों, सिंचाई की सुविधाएं और बांधों के निर्माण को अत्यन्त प्राथमिकता दें।

गांवों में वहां पर बच्चों के वास्ते पढ़ाई के साधन नहीं हैं। गांवों में स्कूल न होने के कारण उनको पढ़ने की सुविधा नहीं है। इस वास्ते वहां स्कूलों का निर्माण किया जाना बहुत आवश्यक है। जनता पार्टी ने चुनाव में वादा किया था कि कक्षा दस तक शिक्षा निःशुल्क कर दी जाएगी। मैं चाहता हूं कि प्रत्येक गांव में नहीं तो दो या तीन गांवों को मिलाकर कम से कम एक स्थान पर उनके बीच में प्राइमरी स्कूल तो बना ही दिया जाना चाहिए। यह बहुत जरूरी है।

साथ ही वहां उद्योग धंधों का निर्माण भी आवश्यक है। इनके वहां न होने की वजह से वहां बेरोजगारी चरम सीमा तक पहुंच चुकी है। उद्योग धंधे वहां पर होंगे तो बेरोजगारी को कम करने में सहायता मिलेगी और लोगों को रोजगार मिलेगा।

बहुत सी चीजें वहां पर पैदा होती हैं। जो लोकल रिसोर्सिस हैं उनको आप मोबिलाइज करें, स्माल स्केल इंडस्ट्रीज का वहां आप विकास करें। ऐसा आपने किया तो पूर्वी उत्तर प्रदेश का कुछ विकास हो सकता है।

वहां पर रेलवे लाइनों के अभाव के कारण यातायात के साधन नहीं बन पाए हैं। इस वजह से लोगों को आने जाने में बहुत कठिनाई होती है। पूर्वी उत्तर प्रदेश का सर्वे हुआ था और उसके बाद रिपोर्ट भी आई थी। उस पर ध्यान दिया जाना चाहिए। मैं रेल मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि जो भी प्राजेक्ट उस इलाके के लिए उनके सामने आए उसको वह जितनी जल्दी हो सके, उसे स्वीकृति प्रदान करें, उसको पूरा करवाएं।

वहां बड़ी लाइन बनाने की योजना थी। लेकिन पैसे के अभाव के कारण वह कार्य ठप्प पड़ा हुआ है और जो युवक उसमें लगे हुए थे कैजुअल लेबर के रूप में वे आज बेरोजगार हो गए हैं, आज उनके पास कोई साधन नहीं है रोजगार का। उनके सामने रोजी रोटी की गम्भीर समस्या आ कर खड़ी हो गई है।— ब्राड गेज लाइन बनाने की जो प्राजेक्ट पहले से सरकार के सामने

है अगर उसमें तेजी लाई जाए तो मैं समझता हूं कि ऐसे तमाम लोगों को रोजगार मिल सकता है जो आज वहां पर इस कारण से बेरोजगार हो गए हैं। इसमें पूर्वी उत्तर प्रदेश के विकास के लिए भी बहुत बड़ा साधन तैयार हो जाएगा।

वहां पर अस्पतालों की भी बहुत कमी है। 20–20 और 25–25 गांवों तक के बीच वहां में भी कोई अस्पताल नहीं है। इस कारण वहां के लोगों को तरह तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मेरा निवेदन है कि प्रत्येक पंचायत अदालत में जिसमें एक दस गांव होते हैं, अस्पताल बनाने की व्यवस्था की जानी चाहिये।

इन शब्दों के साथ मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे इक अहम सवाल पर बोलने का मौका दिया है।

**श्री ब्रज भूषण तिवारी** (खलीलाबाद): सभापति महोदय, एक बहुत ही महत्वपूर्ण प्रस्ताव आज इस माननीय सदन के सामने पेश किया गया है। यह कहा जा चुका है 1962 में इसी लोक सभा में पूर्वी जिलों की आर्थिक स्थिति, सामाजिक स्थिति और वहां के पिछड़ेपन के बारे में बड़ी बहस हुई थी और उस बहस से द्रवीभूत होकर तत्कालीन प्रधान मंत्री श्री जवाहरलाल नेहरू ने सदन को यह आश्वासन दिया था कि इन क्षेत्रों का सर्वेक्षण कराया जाएगा और इन क्षेत्रों के विकास की संभावना को दृष्टि में रख कर नियोजित ढंग से उसका विकास किया जाएगा और बहुत ही प्रभावकारी होगा। यह योजना उस इलाके के सर्वांगीण विकास को दृष्टि में रख कर बनाई जाएगी। इसके लिए एक संयुक्त अध्ययन दल का गठन किया गया था और उसने 1964 में अपनी रिपोर्ट तैयार की और वह छपी। आज यह आवश्यक हो गया है कि हम इस सदन में प्रधान मंत्री श्री मोरारजी देसाई से यह मांग करें कि इस संयुक्त अध्ययन दल की सिफारिशों को कार्यान्वित किया जाए।

पूर्वी जिले पन्द्रह हैं। नमूने के तौर पर चार जिलों की स्थिति का अध्ययन किया गया था। मैं यह नहीं कहता हूं कि केवल यही एक इलाका पिछड़ा हुआ है। पिछड़े हुए इलाके आंध्र में भी हैं, बिहार में भी हैं, महाराष्ट्र में भी हैं, उड़ीसा और असम में भी हैं। परन्तु उत्तर प्रदेश के यह पूर्वी इलाके जो हैं यहां पर संभावनायें हैं इसके विकसित होने की। वहां पर तमाम साधन हैं अगर उनका इस्तेमाल किया जाय। अगर दृष्टि में परिवर्तन हो तो हम इन इलाकों के विकास के लिए कुछ कर सकते हैं। यह सही है कि उस इलाके की बहुत पुरानी ऐतिहासिक परम्परा रही है विद्रोह की, क्रान्ति की, परिवर्तन के प्रति आतुर होने की, और उसके साथ साथ वहां की सांस्कृतिक विरासत भी हमारी सभ्यता के लिए धरोहर रही है। कबीर की वह नगरी रही है, तुलसीदास की नगरी रही है और गौतम बुद्ध की नगरी रही है, और जितने नये विचार पैदा हुए हैं उन नये विचारों की अगुवाई भी उस इलाके में हुई मगर इतिहास की विडम्बना है कि सांस्कृति धरोहर होते हुए, ऐतिहासिक परम्परा होते हुए भी हमारे गद्दीनशीन लोगों के कारण उनकी दुर्बुद्धि और विक्षुब्ध मन के कारण, उस इलाके की तरफ जो ध्यान दिया जाना चाहिये था वह नहीं दिया गया। आज यह बहस आप के गुनाहों का परदाफ़ाश करता है कि आपकी करतूतें क्या कह रही हैं।

यह सही हैं कि आप पिछले आंकड़े देखले कि पूर्वी क्षेत्रों में 194 रु० प्रति व्यक्ति आय है और एक बार इसी सदन में स्वर्गीय डा० लोहिया ने प्रति व्यक्ति औसत आय के सवाल को उठाया था जिसके माध्यम से

[ श्री व्रज भषण तिवारी ]

दुनिया में यह बात सामने आई थी कि भारत एक ऐसा देश है जहां पर 25, 30 फी सदी क करीब ऐसे लोग हैं जो 4, 5 आने प्रति दिन आय पर अपनी जिन्दगी बसर करते हैं, और उसमें से 70 फी सदी लोग केवल इसी पूर्वी उत्तर प्रदेश के इलाकों के हैं। यह मैं इसलिए नहीं कहता हूं क्योंकि मैं उसी इलाके से आता हूं, मगर यह हकीकत है।

तमाम तर्क दिये जाते है कि वहां के लोग मेहनती नहीं हैं, वहां के लोग रिस्क नहीं लेना चाहते। मगर मैं इसको स्वीकार नहीं करता क्योंकि जो गरीबी है उसने वहां के लोगों के उत्साह को मार दिया है। आप कल्पना कीजिये कि वहां के लोग बम्बई जाते हैं, कलकत्ता भाग जाते हैं, मद्रास और देश के किसी भी कोने में आप पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोगों को पायेंगे। कारण क्या है। कारण यह है कि वहां उनकी रोटी का इंतजाम नहीं है इसलिए उन इलाकों के जो हिम्मती और मेहनती, स्वस्थ तथा परिश्रमी लोग हैं वह सब भाग कर इन नगरियों में जाते हैं। बिड़ला की मिलें उनके पसीने से चलती हैं, बड़ी बड़ी अट्टालिकायें उनकी मेहनत से ही बनती हैं। और जब आमदनी का बटवारा हुआ तो हमारे इलाके के लोगों की आमदनी जहां 1947–48 के बाद कुछ ही मात्रा में बढ़ पायी वहां औरों की आमदनी छलांगें मार कर बढ़ गई। इसलिये यह इलाके उजाड़ हो गये। इसलिये सब से पहला काम यह है कि इन इलाकों को बसाना पड़ेगा, और इसके लिये जरूरी है कि वहा की जो खेतिहर आबादी है, जो 90, 96 प्रतिशत लोग खेती में हैं उस में से 25 फी सदी लोग ऐसे हैं जो खेतिहर मजदूर हैं और खेत नहीं हैं, और उनमें 72 फीसदी लोग ऐसे हैं जो एक एकड़ से कम खेत वाले हैं। वहां की खेती इस काबिल नहीं है कि सभी लोगों को काम दे सके। बस्ती जिले में 34, 35 लाख की आबादी है और वहां केवल साढ़ चार चीनी मिलें हैं और वह भी तपेदिक की मरीज हैं, उनकी मशीनें बेकार हो गई हैं, उनकी उत्पादन क्षमता खत्म हो गई। 5, 6 दिन हुए दो, तीन मिलें चली हैं और बाकी अभी भी बन्द हैं। गोरखपुर में खाद का कारखाना है जिसमें मुश्किल से 500, 700, 800 आदमियों को काम मिल सकता हैं। तो खेती बहुत खराब हालत में है। बाढ़ से निरन्तर हमारी खेती बरबाद हो जाती है, फ़सल बरबाद हो जाती है, और बाढ़ के बाद सूखा हमको तंग कर देता है। हमारे इलाके में सिंचाई का इंतजाम नहीं है। पूरा पूर्वी उत्तर प्रदेश एक तरफ़ बाढ़ से त्रस्त रहता है, और दूसरी तरफ़ सूखे से झुलसता है। इस कारण उस क्षेत्र में जो खेती वहां पर जिन्दगी का सहारा है, उसका सर्वनाश हो गया है। जब वहां खेती न रहे और उद्योग धंधे न खुलें, तब वहां के लोग बाहर भाग जायें, या भूख से मर जायें, ये दो ही विकल्प उन के सामने रहे हैं।

पटेल कमीशन ने सुझाव दिया था कि वहां छोटे उद्योग-धंधे खोले जा सकते हैं। गन्ने की खोई से कागज बनाया जा सकता है, शीरे से एल्कोहल या पेट्रो-कैमिकल्ज़ आदि के उद्योग खोले जा सकते हैं, डेरी के उद्योग को बढ़ावा दिया जा सकता है। हमारे यहां मगहर और खलीलाबाद के हाथ के बने कपड़े की देश की सब मंडियों में शोहरत है। लेकिन चूंकि गरीब बुनकरों के पास पूंजी नहीं है, उनके करघों को आधुनिक नहीं बनाया गया है और उन्हें कोई सुविधा नहीं दी गई है, इसलिये उनकी अवस्था बहुत दयनीय हैं। सरकार की रिपोर्ट के अनुसार बैंकों द्वारा केवल 10 फ़ीसदी पैसा ग्रामीण कार्यों के लिए दिया गया है, जब कि 90 फ़ीसदी पैसा बड़े बड़े उद्योग-धंधों और बड़े नगरों में दिया गया हैं। श्री साठे इस बात का बड़ा हल्ला मचाते हैं कि गांवों में बैंकों की शाखायें खोल दी गई हैं, लेकिन स्थिति

यह है कि खेतिहर जो पैसा बैंकों में जमा करते हैं, वह सारा वहां से निकल कर शहरों में चला जाता है ।

इसलिए उस क्षेत्र में फ़िनांशल इंस्टीट्यूशन्ज़ की शाखायें खोलनी पड़ेंगी, उन्हें पूरा प्रश्रय और प्रोत्साहन देना पड़ेगा; जो कुटीर उद्योग मर गये हैं, उन्हें ज़िन्दा करना पड़ेगा; बड़े-बड़े उद्योग-धंधों का जाल बिछाना पड़ेगा; विकास की सभी सम्भावनाओं का पता लगाना पड़ेगा; सभी साधनों का इस्तेमाल करना पड़ेगा; तभी वह क्षेत्र कुछ प्रगति करने की स्थिति में हो सकेगा । वहां पर सड़कों का निर्माण करना भी बहुत आवश्यक है । वहां पर बहुत से तीर्थस्थल हैं । अगर वहां पर अच्छे पर्यटन-केन्द्र बनाये जायें, तो बाहर के लोगों को वहां भ्रमण के लिए आकर्षित किया जा सकता है । वहां पर सिंचाई के बहुत साधन हैं, और बहुत क्षमता है, खेती की पैदावार की क्षमता है, कारखानों के उत्पादन की क्षमता है, वहां पर विशाल श्रम शक्ति है । अगर इन सबका इस्तेमाल किया जाये, तो हम कांग्रेसी भाइयों के गुनाहों को खत्म कर पायेंगे, और एक नये हिन्दुस्तान और एक नई मानवीय सभ्यता का विकास करके हम नये सिरे से अपनी योजनाओं को सही, सार्थक और सगुण बना पायेंगे ।

मैंने यह संशोधन दिया है कि प्रस्ताव के अन्त में यह जोड़ा जाये :

> "और सरकार को निदेश देती है कि वह उपर्युक्त संयुक्त अध्ययन दल की सिफारिशों को क्रियान्वित करने के लिये तीन महीने के अन्दर अपनी योजनाएं सभा के समक्ष पेश करे ।"

जब तक हम इस क्षेत्र के विकास के लिये एक समय-बद्ध कार्यक्रम और योजना नहीं बनायेंगे, तब तक केवल आश्वासनों से काम नहीं चलने वाला है । इसलिए मैं चाहूंगा कि मेरे संशोधन को सर्वसम्मति से पास किया जाय ।

**सभापति महोदय** : चूंकि बोलने वाले सदस्यों की संख्या बहुत है, इसलिए अब कोई माननीय सदस्य दस मिनट से ज्यादा न लें ।

**श्री राम सागर** (सैदपुर) : सभापति महोदय, मैं माननीय सदस्य, श्री यादवेन्द्र दत्त, द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव का समर्थन करता हूं । पिछले बजट-सत्र के दौरान उद्योग मंत्रालय पर चर्चा के समय हमने पूर्वी उत्तर प्रदेश, और विशेषकर पटेल कमीशन की रिपोर्ट, की ओर सरकार का ध्यान दिलाया था । लेकिन समयाभाव के कारण मैं पूर्वी उत्तर प्रदेश के उन चार जिलों, या अन्य पिछड़े हुए ज़िलों, का सारा चित्र सदन के सामने नहीं रख पाया था । आज मैं श्री यादवेन्द्र दत्त को बधाई देता हूं कि उन्होंने यह प्रस्ताव लाकर जौनपुर, आज़मगढ़, ग़ाज़ीपुर और देवरिया ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण पूर्वी उत्तर प्रदेश के आर्थिक दृष्टि से पिछड़े हुए ज़िलों, के सम्बन्ध में सब मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए मौका दिया है । जब पटेल कमीशन गठित हुआ था उस वक्त पूर्वी उत्तर प्रदेश में केवल चार जिलें पिछड़े थे और इस वक्त पूर्वी उत्तर प्रदेश के 12 जिले आर्थिक दृष्टि से पिछड़ गये हैं । पूरे देश में 156 जिले पिछड़ गये हैं । यह है 30 साल के कांग्रेसी शासन का करिश्मा । लगातार समाजवादी नारा लगाने के बावजूद भी, गरीबी हटाओ का नारा लगाने के बावजूद भी, देश की तरक्की के नाम पर 19 महीने तक इस देश में एमर्जेंसी लगाने और आर्थिक विकास के नाम पर विरोधी दल के नेताओं को जेल में ठूंसने के बावजूद भी यह है हमारे देश के आर्थिक विकास का ढांचा कि जहां द्वितीय लोक सभा में हमारे देश के चार जिले पिछड़े थे वहां आज 156 जिले पिछड़ गये । मैं समझता हूं कि इस तरीके से समाज को धोखा देने का काम और विश्वासघात

[श्री राम सागर]

करने का काम, अमीरों को और अमीर और गरीबों को और गरीब बनाने का काम कांग्रेस दल के अलावा और कोई नहीं कर सकता और किसी के अंदर यह हिम्मत नहीं हो सकती।

पटेल आयोग की संस्तुतियों को लागू करने की बात हम इसलिए करते हैं कि केवल गाजीपुर, जौनपुर, आजमगढ़ और देवरिया ही नहीं हमारे प्रदेश के और देश के जितने भी आर्थिक दृष्टि से पिछड़े हुए जिले हैं उन संस्तुतियों के आधार पर अगर उनका सर्वेक्षण कराया जाय और वहां विकास का काम किया जायें, खेती और उद्योग धन्धे खोले जायें तो वास्तव में उनका विकास हो सकता है। इसलिए हम लोग चाहते हैं कि जौनपुर, आजमगढ़, गाजीपुर और देवरिया ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण पिछड़े जिलों के कल्याण के लिए पटेल आयोग की संस्तुतियों के आधार पर उन जिलों में भी योजनाएं चलाई जायं ताकि उन जिलों का भी कल्याण हो सके।

प्रधान मंत्री जी सौभाग्य से यहां बैठे हैं और दरअसल वे पूर्वी उत्तर प्रदेश के पिछड़े जिलों और अन्य पिछड़े जिलों का विकास करना चाहते हैं। जनता पार्टी की सरकार से जनता को बहुत आशा भी है और हमारे प्रधान मंत्री जी जिस सूझ बूझ के तपे तपाये व्यक्ति हैं उन से विशेष तौर से आशा है। दरअसल आज जिस मुद्दे पर यहां चर्चा हो रही है उसका निराकरण करने के लिए अगर जनता पार्टी की सरकार तैयार है तो हम प्रधान मंत्री जी से आग्रह करेंगे कि वे अपने सभी मंत्रियों को आदेश दें कि सभी मंत्री अपने दृष्टिकोण से उन पिछड़े हुए जिलों का विकास करने के लिए जुट जायें।

जहां पर कांग्रेस सरकार की पिछले तीस साल की गलत आर्थिक नीतियों के परिणाम-स्वरूप हम पिछड़ गये हैं वहां पर पूर्वी उत्तर प्रदेश की आबादी के घनत्व और वहां की जमीन के बारे में भी हमें कुछ विचार करना चाहिए। सन् 1962 में पटेल आयोग ने अपनी रिपोर्ट में यह दिया है कि जहां पूरे उत्तर प्रदेश की आबादी का घनत्व 649 प्रति वर्ग मील था वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश में 1094 था, आज इस वक्त वह बढ़ कर 1284 हो गया है। समूचे उत्तर प्रदेश की जनसंख्या कुल जनसंख्या की 87.1 प्रतिशत है और पूर्वी क्षेत्र की जनसंख्या 92.7 प्रतिशत है। सन् 62 में जो पटेल आयोग की दृष्टि से चार जिले लिये गये थे उसमें देवरिया जिले में उस समय आबादी का प्रतिशत 97.8, गाजीपुर में 96.7, आजमगढ़ में 95.2 और जौनपुर में 94.7 था। यह हमारी आबादी का घनत्व था। इसी तरीके से हमें जमीन की तरफ भी थोड़ा ध्यान देना होगा कि जहां आबादी इतनी अधिक है वहां जमीन की क्या हालत है। सन् 1962 में पटेल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार वहां जोत का आकार बहुत ही छोटा था। 1 एकड़ से भी छोटे काश्तकार गाजीपुर में 13.6 प्रतिशत, आजमगढ़ में 25.4 प्रतिशत, जौनपुर में 32.7 प्रतिशत और देवरिया में 43.1 प्रतिशत हैं। दस एकड़ से ऊपर की जोतों के जो किसान हैं उनका प्रतिशत है 1.4। इन जिलों में 36.8 प्रतिशत लोग भूमिहीन हैं। ये हैं वहां की आबादी और जोत के आंकड़े। जमीन कम है, आबादी ज्यादा है लेकिन हमारे पास जो जमीन है, हम प्रधान मंत्री से निवेदन करना चाहते हैं कि पूर्वी क्षेत्र में लगभग उसमें से एक चौथाई जमीन खेती लायक नहीं है, पूर्णतया ऊसर के रूप में है। पूरे देश की सिंचाई की क्षमता सरकारी आंकड़ों के अनुसार 17 प्रतिशत है, अंग्रेजों के समय में 13 प्रतिशत थी, 30 साल के कांग्रेसी शासन काल में 4 प्रतिशत बढ़ कर 17 हो गई है, लेकिन पूर्वी उत्तर प्रदेश में 11 प्रतिशत है। जमीन कम है, जो जमीन है उसमें एक चौथाई ऊसर है और जो है उसमें सिंचित जमीन केवल 11 प्रतिशत है, 89

प्रतिशत जमीन असिंचित है। तो उस प्रदेश का भला कैसे हो सकता हैं। जो भी सिंचाई के साधन हैं उनमें अधिकांश ट्यूबवेल बेकार रहते हैं। गाजीपुर, जौनपुर, बनारस आदि जिलों में गंगा और गोमती नदियों से पम्प नहरें निकाली गई हैं लेकिन वर्तमान समय में जो उनकी सिंचाई करने की क्षमता है अगर वह क्षमता इसी प्रकार से बरकरार रही तो सिंचाई के लक्ष्य केवल कागज के पन्नों तक ही सीमित रह जायेंगे। इसलिए मैं सरकार से निवेदन करूंगा उस पिछड़े इलाके को सुधारने के लिए जो ऊसर जमीन है उसे ऊसर भूमि सुधार योजना के अन्तर्गत ले करके खेती के योग्य बनाया जाये और जो असिंचित जमीन है उसकी सिंचाई के लिए उचित साधन उपलब्ध किये जायें तथा जो साधन इस समय मौजूद हैं उनको पूरी क्षमता से चलाने का प्रयास किया जाये ताकि अन्न के मामले में आत्मनिर्भरता आ सके।

आज उत्तर प्रदेश में 80 फीसदी लोग गरीबी की रेखा के नीचे हैं। वहां पर आज भी 80 फीसदी लोग ऐसे हैं जिनको जाड़े के दिनों में तन ढकने के लिए कपड़ा मयस्सर नहीं होता है। आग बालकर वे रात व्यतीत करते हैं। दुबे जी ने यहां पर कहा कि वहां पर जानवरों के गोबर से निकले हुए अन्न को खाते हैं लेकिन मैं कहता हूं कि जानवर के गोबर से निकला हुआ अन्न भी उनको भरपेट खाने के लिए नहीं मिलता है। आज वहां पर यह स्थिति है।

उद्योग-धंधों की हालत तो पूछना ही बेकार है। वहां पर कुछ शुगर मिलें हैं जिनमें सारे लोग खप नहीं सकते हैं। इसलिए लोग शहरों की ओर भागते हैं। वहां पर आबादी बढ़ रही है, रहने के लिए मकान नहीं हैं। इसलिए मैं निवेदन करूंगा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश के विकास के लिए वहां पर उद्योग-धंधों का जाल बिछाया जाये और यह तभी सफल हो सकता है जबकि वहां पर आवागमन के साधन उपलब्ध किये जायें। उत्तर प्रदेश में छोटी रेल लाइन के आस पास रहने वाले जो किसान हैं वे अपनी खेती के उत्पादन को दूर तक नहीं भेज सकते हैं। बनारस और जौनपुर जैसे स्थान जो हैं जहां पर बड़ी लाइन है वहां के किसान अपनी सब्जी कलकत्ता बम्बई भेजते हैं लेकिन जहां पर छोटी लाइन जाती है जैसे गाजीपुर वहां के किसान अगर कैश क्राप पैदा भी करना चाहें तो उसको बाहर भेजने के लिए उनके पास साधन नहीं हैं क्योंकि छोटी लाइन से वे भेज नहीं सकते हैं। इसलिए मैं निवेदन करूंगा कि उस क्षेत्र के विकास के लिए छोटी लाइन को बड़ी लाइन में परिवर्तित किया जाये।

जहां तक उद्योग-धंधे चलाने की बात है, वहां पर जो गरीब तबके के लोग हैं उनको आज भी आसानी से पैसा नहीं मिलता है। इसके लिए आवश्यक है कि लाइसेंसिंग प्रणाली का सरलीकरण किया जावे और उनके लिए पैसे की व्यवस्था की जाये। उद्योग-धंधों को बढ़ाने की जिम्मेदारी सरकार को अपने ऊपर लेनी चाहिए।

एक चीज और है। पिछले तीस सालों में हमारे कांग्रेस वाले हरिजनों के लिए छाती पीट-पीट कर रोये हैं लेकिन अगर आज सबसे ज्यादा दबा हुआ कोई तबका है तो वह हरिजनों का ही है। वहां पर लगभग 95 फीसदी इस प्रकार के भूमिहीन लोग हैं जिनके पास खाने पीने का कोई भी साधन नहीं है। मैं निवेदन करूंगा कि हरिजनों की शिक्षा के लिए प्रबंध किया जाये। इसके अलावा बैंकों को आदेश दिये जायें कि उद्योग-धंधों के लिए सरल शर्तों पर कम सूद पर रुपया दिया जाये। उनके लिए टेक्निकल शिक्षा का प्रबन्ध किया जाये और उनको उद्योग-धंधों में लगाया जाये तभी उनकी बेकारी दूर हो सकती है, उनकी गरीबी दूर हो सकती है। इन शब्दों के साथ मैं श्री यादवेन्द्र दत्त दुबे के प्रस्ताव का समर्थन करता हूं।

**श्री रामबारी शास्त्री** (पडरौना) : मान्यवर, मैं माननीय दुबे जी का शुक्रगुजार हूं कि उन्होंने इस गड़े मुर्दे को उखाड़ा और एक अवसर प्रदान किया कि सरकार का ध्यान उत्तर प्रदेश के पूर्वी जिलों की ओर आकृष्ट हो सके। इसके साथ ही मैं कांग्रेस के श्री कृष्णप्पा जी का भी शुक्रगुजार हूं जिन्होंने पूर्वी जिलों की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया और उसके बारे में जो उनकी जानकारी थी उससे सदन को अवगत कराने का प्रयास किया।

1962 में भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार ने मिलकर एक ज्वाइंट टीम की स्थापना की थी और सबसे गरीब चार जिलों का, प्रायर्टी देकर, अध्ययन करने का प्रयास किया गया। 1964 में इसकी रिपोर्ट तैयार हो गई लेकिन तब से आज तक इसकी ओर सरकार का ध्यान नहीं गया। आज दुबे जी ने इस मोशन के द्वारा सरकार का ध्यान इस ओर खींचा है इसके लिए मैं उनको बधाई देता हूं।

मान्यवर, हमारे इन चार जिलों में—देवरिया, आज़मगढ़, जौनपुर, गाज़ीपुर है। संयोग से मैं देवरिया जिले का रहने वाला हूं। देवरिया की 30 लाख जनसंख्या में से लगभग 95 प्रतिशत लोग देहातों में बसते हैं। वहां के 80 प्रतिशत लोग ऐसे हैं, उनकी आर्थिक स्थिति ऐसी है कि जिनके पास साईकल भी रखने की क्षमता नहीं है और बैलगाड़ी, जो किसान के लिये आवश्यक हथियार है, मैं समझता हूं, मुश्किल से दस फीसदी लोगों के पास होगी। इन चार जिलों का क्षेत्रफल पूरे प्रदेश के क्षेत्रफल का सवा-छः प्रतिशत है, परन्तु सारे उत्तर प्रदेश की जनसंख्या का दस फीसदी से ज्यादा इन चार जिलों में रहते हैं। देवरिया में अनेकों नदियां है—गण्डक, बूड़ी गण्डक, सरजू, राप्ती, मौन, खनवा, दर्जन से ज्यादा छोटी और बड़ी नदियां हैं, जिनमें हमेशा बरसात में बाढ़ आया करती है, परन्तु कुछ ऐसे भी स्थान हैं जो हमेशा सूखे से तबाह रहते हैं। देवरिया जिले में अभी भी ऐसी स्थिति है कि एक वर्ग मील में करीब 1200 आदमी बसते हैं। जनसंख्या का घनत्व, मैं समझता हूं, सारे देश के मुकाबले देवरिया में सबसे अधिक है और ये सब गरीबी की रेखा के नीचे है। जहां पिछले महायुद्ध के बाद दुनिया के दो बड़े राष्ट्र रूस और अमरीका में इस बात की होड़ रही कि जमीन पर नहीं, चांद और सितारों की दुनिया में घर बनायें, वहां उसी दुनिया में देवरिया और अन्य पूर्वी जिलों के लोग दाने-दाने के लिये तरसते हैं। आज हमारी सब से बड़ी समस्या यह है कि हम अपने बाल-बच्चों का पेट किस तरह से भरें।

आजकल जाड़े के दिन हैं—यदि मैं यह बात कहूं तो इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी—कि देवरिया के गांवों में बसने वाले हर किसान परिवार के पास जाड़ा काटने के लिये एक रजाई भी नहीं है। चाहे देवरिया जिला हो, बलिया, गाज़ीपुर और जौनपुर हो, आज़मगढ़ हो या बिहार के कुछ हिस्से हों—वहां का किसान पुआल ओढ़ कर या चटाई ओढ़ कर गुज़र करता है। आज जब हिन्दुस्तान के दूसरे भागों के लोग दुलाई से जाड़ा नापते हैं, हमारे यहां के लोग शरीर से जाड़ा नापते हैं। शाम को साढ़े तीन हाथ के सोते हैं, लेकिन जब सुबह उठते हैं तो सिकुड़ते-सिकुड़ते दो हाथ के रह जाते हैं, उनका घुटना और नाक जुड़ जाता है। सारी रात आग के सामने बैठ कर गुजार देते हैं। यह स्थिति हमारे इस पूर्वांचल की है।

उनके पास पहनने को कपड़ा नहीं है—हमारे गांव का किसान अपने परिवार की स्त्री को साल भर में मुश्किल से एक जोड़ा साड़ी जुटा पाता है। यदि मैं यह कहूं तो कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी कि जब किसान की स्त्री को स्नान करना होता है तो सारे

घर को बन्द कर के नंगी हो कर स्नान करना पड़ता हैं और उसके बाद फिर उसी कपड़े को उठा कर पहन लेती है—यह हमारे जिले की स्थिति है।

सरकार के मौजूदा कानून के अनुसार एक ब्लाक में 125 गांव होते हैं, जिनके लिये एक अस्पताल की व्यवस्था है। हमारे अनेक स्थानों पर इस तरह के अस्पताल की आज तक स्थापना नहीं हो सकी है। इस जाड़े की ठिठुरती रात में अगर किसी गरीब किसान का इकलौता लड़का बीमार हो जाये, उसको मियादी बुखार हो जाय तो कोई ऐसी व्यवस्था नहीं है कि वह वहां जा कर अपने बच्चे के लिये दवा लाकर उसकी जिन्दगी को बचा सके। आज तक इस बात की कोई व्यवस्था वहां पर नहीं हो सकी है।

शिक्षा के बारे में मैं केवल इतना कहना चाहता हूं—जहां दिल्ली में बड़े-बड़े फेंसी स्कूल हैं, जहां बड़े लोगों के बच्चे पढ़ते हैं जिन पर 200-250 रुपया महीना खर्च होता है, वहां हमारे प्राइमरी स्कूलों में बच्चों को बैठने के लिये बोरियां भी मुयस्सर नहीं हैं। हमारे किसानों के बच्चे जमीन पर बैठते हैं या अपने घर से चटाई उठा कर लाते हैं तब उस पर बठते हैं। इस तरह की हमारे यहां स्थिति है कि केवल 17, 18 प्रतिशत ही हमारे यहां शिक्षित लोग हैं।

हमारे यहां छुआछूत है। हरिजनों की बात कही गयी। सभापति महोदय, आप स्वयं इससे परिचित हैं कि हमारे यहां आज भी इस तरह का हरिजन है कि अगर किसी व्यक्ति के यहां शादी-विवाह, जश्न या उत्सव होगा तो सब मेहमानों के जाने के बाद पत्तलों में जो झूंठन बच जाती है, उसके एक एक दाने को चुनकर रख लेते हैं और खाते हैं। इस तरह के परिवार आज भी आपको वहां पर मिलेंगे जो इस तरह से अपना पेट भरते हैं।

हमारे यहां पानी की बड़ी दिक्कत है। लोगों को साफ पानी पीने को नहीं मिलता है, खनुआ, घाघ और झरही जो नदियां हैं, इनके किनारे पर बसे हुये लोग इनका ही पानी पीते हैं। साफ पानी की उनके लिए कोई व्यवस्था नहीं है और नाले, नदियों का पानी उन्हें पीना पड़ता है। इसके लिए कोई व्यवस्था होनी चाहिये। मान्यवर, चाहे जितनी भी योजनायें बनाई गई हों, लेकिन उत्तर प्रदेश के पूर्वी जिलों की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया है और आज हम इस दर्दनाक स्थिति में पहुंच गये हैं। इसलिए मैं आप के माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं कि जो पटेल आयोग ने सिफारिशें की हैं, उन पर अमल होना चाहिये।

इसके साथ ही यह भी सही है कि जैसा कि दुबे जी ने कहा है कि पूर्वी जिलों का भारत के स्वतन्त्रता संग्राम में बहुत बड़ा हाथ रहा है। देवरिया जिला अपना सानी नहीं रखता, गोरखपुर जिला अपना सानी नहीं रखता और बलिया का इतिहास तो आप को मालूम ही है। इसी तरह से जौनपुर और आजमगढ़ जिलों ने स्वतन्त्रा संग्राम की लड़ाई में सर्वाधिक योगदान दिया है। वहां पर हमारी सांस्कृतिक परम्पराएं भी मिलती हैं। देवरिया भगवान बुद्ध की निर्वाण भूमि है। वहां से तमाम संस्कृति का प्रचार हुआ है मान्यवर मैं अगर यह कहूं कि विश्व में मल्ल गणतंत्र की स्थापना सबसे पहले कुशीनगर देवरिया में हुई थी, तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी लेकिन इस धरती को आज कोई पूछने वाला नहीं है। हमार देवरीया जिले में गन्ने की मुख्य फसल है और मरे निर्वाचन क्षेत्र, पदरौना में ही 9 मिलें हैं। मैं आपको बताऊं कि उत्तर प्रदेश में कुल 77 चीनी मिलें हैं और उनमें से 14 मिले हमारे देवरिया जिले में हैं। इस जिले में किसान केवल गन्ने पर ही निर्भर करता

[श्री रामधारी शास्त्री]

है । मैं यह कहना चाहूंगा कि सरकार ने एक्साइज ड्यूटी को तो कम किया हैं लेकिन किसानों के गन्ने के दाम नहीं बढ़े हैं। इस तरह से उसको बहुत नुकसान हो रहा है । मान्यवर, मैं यह कहना चाहता हूं कि हमारे पास इतनी क्षमता है कि चीनी सम्बन्धी उद्योगों को वहां पर स्थापित किया जाए। वहां पर कागज के कारखाने लगाये जा सकते हैं । बेत से बनने वाले सामान और इस तरह की नई नई सम्भांवनाओं को ढूंढा जा सकता है ।

इसलिए में आपके माध्यम से सरकार से यह कहना चाहता हूं कि पटेल कमीशन की सिफारिशों को रद्दी की ठोकरी में नही डालना चाहिये । पिछली सरकार ने ऐसा ही किया था । मेरा कहना यह है कि उसकी सिफारिशों को लागू किया जाना चाहिये और इसके साथ ही मेरा एक सुझाव यह है और इसके लिए मैंने संशोधन भी दिया है कि इस काम के लिए एक स्पेशल आथोरिटी स्थापित हो और एक स्पेशल संस्थान बनायी जाये जो पूर्वी जिलों की गरीबी को देखें, और उनमें विकास का काम करे । जब ऐसा होगा तभी कुछ वहां काम हो सकेगा ।

इन शब्दों के साथ मैं समाप्त करता हूं ।

**श्री वसंत साठे** (अकोला) : सभापति महोदय, सबसे पहले तो मैं यादवेन्द्र जी का आभार मानना चाहता हूं कि एक बहुत अच्छे विषय को उन्होंने उठाया है और उससे केवल उत्तर प्रदेश के पूर्वी इलाकों का ही नहीं बल्कि सारे देश के जो पिछड़े हुये इलाके हैं, उनके सवालों की तरफ भी उन्होंने ध्यान आकर्षित किया है ।

मैं इस सदन में एक ही प्रार्थना करना चाहता हूं कि अब तो 8, 9 महीने हो गये हैं और हम लोगों का पहले जो दृष्टिकोण किसी चीज को देखने का था और उस समय गुस्से में, नाराजगी में लगातार एक ही चीज बाहर आ जाती थी कि ये जिम्मेदार हैं, ये जिम्मेदार हैं, चलो ठीक है, वह हो गया । अब आप तीस साल की बात ही करते रहेंगे । इन तीस सालों में भी जो लोग उधर बेंचिज पर बैठे हुये उनमें से कुछ लोग भी सत्तनत में रहे हैं, नेतृत्व में रहे हैं । मोरारजी भाई उस समय नेतृत्व में रहे हैं । ऐसे ही चरणसिंह जो उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री थे । दल बदलुओं के पहले नेता थे । इसलिए अब यह बात छोड़ दी जाये । . . . **(व्यवधान)**

**16.55 hrs.**

[SHRI M. SATYANARAYAN RAO *in the Chair*]

सभापति महोदय, मैं यह प्रार्थना करना चाहता हूं कि यह सवाल बुनियादी है । अगर हमें गरीबी को हटाना है, गरीब और अमीर की खाई को कम करना है, गरीबी की रेखा के नीचे जो लोग हैं उनको ऊपर लाना है तो हमें आर्थिक बुनियादी सवालों की तरफ ध्यान देना होगा । मैं मानता हूं कि यह काम केवल सरकार ही नहीं कर सकती, इसमें विरोधी पक्ष का भी सहयोग होना चाहिये । लेकिन यह सहयोग कब हो सकता है ? यह बुनियादी सवाल केवल उत्तर प्रदेश या पूर्वी उत्तर प्रदेश का ही नहीं है, यह सारे देश का सवाल है ।

सभापति महोदय, एक कमेटी बनी थी—टैक्सेशन लाज सेलेक्ट कमेटी । उस कमेटी का सदस्य होने का सौभाग्य मुझे भी प्राप्त था । उस कमेटी का उद्देश्य था कि इस देश में जो कालाधन है उसका पता लगाया जाए और यह पता लगाया जाए कि वह कितना है । उसका उद्देश्य यह भी था कि ऐसे उपाय सोचे जायें कि वह काला धन कैसे निकाला जा सकता है ? आपको सुन कर आश्चर्य होगा कि इस

देश में बीस हजार करोड़ रुपए का कालाधन इस देश के चन्द लोगों के हाथ में है। यह चन्द लोग कितने हैं ? एक लाख से ऊपर की आमदनी पर जो इंकम टैक्स देने वाले लोग हैं उनकी संख्या 2,700 है। अर्थात् जो 2,700 कम्पनियां और व्यक्ति इतना टैक्स देती हैं उन के हाथ में यह कालाधन केन्द्रित है। अगर इसमें से आधा रुपया भी इस देश के इलाकों में, इसके बुनियादी स्ट्रक्चर पर लग जाए तो इस देश का कायापलट हो जाए। यह बीस हजार करोड़ रुपये का कालाधन चंद लोगों के हाथ में है। हमने इस देश के विकास के लिए एक राष्ट्रीय नदी ग्रिड योजना बनायी थी जिसका जिक्र मोरारजी भाई ने भी किया था। इसे युनाइटेड नेशन्सन ने भी स्वीकार किया था कि यह एक बड़ी अच्छी योजना है। इस पर दस हजार करोड़ रुपये लगेंगे।

THE PRIME MINISTER (SHRI MORARJI DESAI): It is being examined. It will take two years.

SHRI VASANT SATHE: Government is examining it. I am thankful to you.

मैं यह कहना चाहता हूं कि इस योजना पर दस हजार करोड़ रुपये की लागत आयेगी, यह लागत एक दिन में या एक साल में तो आयेगी नहीं। इसका एक फेज्ड प्रोग्राम होगा। इस नेशनल रिवर ग्रिड में आपके चम्बर रेवाइन और राजस्थान केनाल की योजनाएं भी आ जाएंगी। इस योजना के अन्तर्गत लाखों नौजवानों को काम दिया जा सकता है। लाखों एकड़ अतिरिक्त भूमि की सिंचाई हो सकती है। लाखों लोगों को इस पर बसाया जा सकता है। इस तरह की योजना से दो काम होंगे। हर साल जो बाढ़ें आती हैं, जिससे करोड़ों रुपये का नुकसान हो जाता है, वह बचेगा और इस योजना से बहुत बड़ी मात्रा में अतिरिक्त भूमि की सिंचाई हो सकेगी। उत्पादन भी बढ़ेगा। इस देश व्यापी योजना पर हमें विचार करना होगा। लाखों लोगों को इससे रोजगार मिलेगा। मोरारजी भाई ने दस साल की मियाद रखी है कि इसके अन्दर सभी लोगों को रोजगार मिल जाएगा यह काम इस योजना से इससे पहले भी हो सकता है।

आप लोग धन की बात करते हैं। धन केवल नोट तो हैं नहीं। नोट और रुपया तो माध्यम है। असली सम्पत्ति तो इस देश की वस्तु है। वस्तुओं का निर्माण करें। आप आबादी को देखें और मार्किट को देखें। यह देखें कि कितनी बड़ी हमारी मार्किट है। परचेजिंग पावर लोगों की क्या है। 2.1 परसेंट के पास ही परचेजिंग पावर है। जिसकी आमदनी दो सौ रुपया प्रति मास से ज्यादा है ऐसे लोग इस देश में 2.1 हैं। ये 1 करोड़ 25 लाख होते हैं। दिल्ली, बम्बई, बड़े-बड़े शहरों में दो सौ रुपये से ज्यादा आमदनी महावार रखने वाले लोगों के पास ही परचेजिंग पावर है, रीअल मार्किट वही है। वस्तुएं निर्मित होंगी लेकिन उनको खरीदने वाले कौन होंगे ? यहां होंगे। जब तक आप गांवों में परचेजिंग पावर नहीं देंगे तब तक कुछ नहीं होगा—

**17.00 hrs.**

THE MINISTER OF STEEL AND MINES (SHRI BIJU PATNAIK): From where have you got the figure of 2.1 per cent?

SHRI VASANT SATHE: From the Planning Commission.

SHRI BIJU PATNAIK: It is wrong.

SHRI VASANT SATHE: It has been published also. You get that figure. Why do you quarrel with me? You are again quarreling just like about

[Shri Vasant Sathe]

4-anna figure. It is 2.1 per cent who are having a monthly income of Rs. 200 and above.

यह किसी पक्ष का सवाल है यह तमाम देश का सवाल है। प्लानिंग कमिशन के लेवल पर आप इस बात को उठाइये। आज सारी मार्किट को जो बड़े बड़े व्यापारी हैं वही कंट्रोल करते हैं। आपको एक राष्ट्रीय व्यापार आयोग, मार्किटिंग आर्गेनाइजशन की स्थापना करनी होगी। उसको चीजों के वितरण के काम को नियमित करना होगा। ऐसा आप करेंगें तभी आपका काम चल सकता है। अब क्या होगा। वस्तुएं गांवों में बनेंगीं। वहां पर परचेजिंग पावर कहां से आयेगी? उनकी बिक्री नहीं हो सकेगी। मैंने उदाहरण दिया था। गावों में कोई साबुन भी बनाए तो उसका साबुन बिकता नहीं है। जो मैट्रिक पास हैं या बी ए हैं उनसे आप कोई इस तरह का छोटा मोटा कारखाना अगर आप लगवा देते हैं तो उसके माल को खरीदने वाला कोई नहीं होगा। लोहे की बकेट अगर आपने बनवा दीं, या कुदाल बनवा दी तो उसको लेगा कौन, फावड़ा लेगा कौन? ये जो चीजें हैं इसलिए नहीं बिकेंगी कि लोग कहेंगें कि हमें तो लिवर ब्रदर्ज का साबुन चाहिए, टाटा का बना हुआ बकेट चाहिये। स्माल स्केल इंडस्ट्रीज की बहुत बात हो रही है। लेकिन उनकी स्थापना गांवों में इसलिए नहीं हो सकती है कि उनके द्वारा बनाई गई वस्तुओं की बिक्री और वितरण की कोई व्यवस्था नहीं है। जब तक आप मार्किट को कंट्रोल नहीं करेंगें, पूंजीपतियों के हाथ में देश का व्यापार रहेगा तब तक आपको सफलता नहीं मिल सकती है। अगर आप इन लोगों के साथ कहेंगे कि ये छोटे उद्योग धंधों वाले कम्पीट करें तो बात नहीं बनेगी।

यह केवल पूर्वी उत्तर प्रदेश का ही सवाल नहीं है। यह एक व्यापक सवाल है। यह जो पावरटी है उसका सवाल है, गरीबी का सवाल है। इस गरीबी के सवाल को अगर आप हल करना चाहते हैं तो कमिशन बनाने से यह हल नहीं होगा। कमिशन बहुत बन चुके हैं। नेशनल कमिशन आन एग्रिकलचर ने पूरी योजना तहसीलवाइज बनाई हुई है। फिर से श्री यादवेंन्द्र दत्त जी ने कहा कि एक नया कमिशन बना दिया जाए। अगर बना दिया गया तो समझ लीजिए कि पांच साल के लिए छुट्टी हो गई। इस सवाल पर आप देश व्यापी विचार करें। यह एक बुनियादी आर्थिक सवाल है और आप सोचें कि कैसे इसको हल किया जा सकता है। पूंजी देश में मुट्ठी भर लोगों के हाथ में संकलित न होने पाए, इसका कोई आपको हल निकालना चाहिये। इसी पर सारी चीज का दारोमदार हैं। इसको यदि आपने हल नहीं किया तो बात बनने वाली नहीं है। तब आप हमारी और हम आपकी टीका करते रहेंगे। इस टीका टिप्पणी में पूंजीपति मजे मारते रहेंगें, हमारे राज में भी मारते रहे हैं और आपके राज में भी मारते रहेंगे। तो समाजवाद धरा का धरा रह जाएगा और तुम और हम एक दूसरे का सर मारते रहेंगें। मेहरबानी कर के अब इससे ऊपर उठो और देश के आर्थिक सवाल को बुनियादी तौर कैसे हल करें इसके ऊपर ध्यान दें, यह मेरी सरकार से प्रार्थना है। मैं माननीय यादवेन्द्र दत्त जी को फिर से एक बार धन्यवाद देता हूं कि वह एक अच्छा सवाल विवाद के लियें लाये। हां, एक बात उन्होंने कही, जिसका मुझे अफसोस है और वह यह कि उत्तर प्रदेश देश को प्रधान मंत्री देता रहा है इसीलिये वह पिछड़ा रहा। तो मुझे डर लगा कि कहीं गुजरात का नम्बर तो नहीं आयेगा। इसलिए ऐसा न कहिये। अगले प्रधान मंत्री शायद चौधरी चरण सिंह आ जायें उत्तर प्रदेश से। इसलिए उत्तर प्रदेश को प्रधान मंत्री देने के लिये न टोकिए यही मेरा आपसे कहना है।

**श्री रघुसेन चौधरी** (केसरगरु): मान्यवर, आपने पिछड़े उत्तर प्रदेश के बारे में मुझे भी बोलने का अवसर दिया है इस के

लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मैं बहराइच जिले से आता हूं जो नेपाल की सीमा पर स्थित है, इस पूरे क्षेत्र का जो पहला सवाल है पिछड़ेपन का वह यह है कि यह पूरा क्षेत्र घाघरा और राप्ती नदियों के बीच में है इन दोनों नदियों का सारा पानी जो पहाड़ से चलता है वह पूरे क्षेत्र में प्रवाहित होकर बाढ़ की विभीषिका पैदा करता है। सबसे प्रमुख समस्या हमारी यही है यहां के निवासियों को बाढ़ से प्रति वर्ष लड़ना पड़ता है। बाढ़ग्रस्त क्षेत्र होने के कारण वहां सिंचाई की सुविधाएं आज तक उपलब्ध नहीं कराई गई इसलिये पानी की कमी का भी लोगों को सामना करना पड़ता है। कभी कभी सूखे का भी सामना करना पड़ता है। आप विचार करें जहां बाढ़ का इतना भयंकर प्रकोप होगा वहां पर केवल दो ही फसलें किसान पैदा कर सकता है, वह हैं गन्ना और धान। इन दोनों फसलों के बारे में यह निश्चित है कि इन में बाढ़ सहने की क्षमता है उसके साथ साथ दूसरी कठिनाई यह भी है कि इन फसलों को पानी भी अधिक चाहिये। बाढ़ का सामना तो किया, लेकिन जब बाढ़ चली गई तो उसके बाद पानी की कोई सुविधा आज तक सरकार ने नहीं दी। मुझे पता है कि घाघरा से एक नहर निकाली जा रही है, वह योजना हाथ में ली गई है, वह शुरू हुई है, लेकिन उसके अन्तर्गत बस्ती, गोंडा, बहराइच और गोरखपुर जनपद का कुछ थोड़ा सा हिस्सा आने वाला है। वह नहर कब तक पूरी होगी कहा नहीं जा सकता। कितना केन्द्र उस योजना के लिए पैसा देगा, हम उसका पूरा लाभ उठा पायेंगे कि नहीं, यह अभी कहना कठिन है। क्योंकि जब भी नहर पूरी होगी तो केवल खरीफ की फसल के लिये ही पानी दे सकेगी, रबी की फसल के लिये पानी नहीं दे सकेगी। दोनों सीजनों में पानी देने के लिये राप्ती और घाघरा पर जो दो योजनायें प्रस्तावित हैं—करनाली और भानूडांग—इनको जब सरकार हाथ में लेगी तो सिंचाई की समस्या हल हो सकेगी और दोनों प्रमुख फसलों को जिन पर उस क्षेत्र की आर्थिक प्रगति निर्भर करती है, उन को लाभ होगा।

आज चीनी मिलों की हालत आपको मालूम है। थोड़े दिन पहले इस क्षेत्र की चीनी मिलें शुरू हुई है यह कहा जाता है कि चूंकि रिकवरी कम है इसलिए किसान को पैसा कम मिलता है। इस क्षेत्र में एक ओर बाढ़ से गन्ना खराब होता है दूसरी ओर गन्ने के लिये न बोने के पहले और न बाद में सिंचाई की व्यवस्था है तो आप बतायें कि गन्ना अच्छा कहां से पैदा होगा? धान भी केवल वर्षा पर निर्भर होने की वजह से भरपूर पैदावार नहीं देता।

मैं प्रधान मंत्री जी से यह निवेदन करना चाहता हूं कि चूंकि इस क्षेत्र की सब से प्रमुख समस्या सिंचाई की है, इसलिए वह पहले इसी की ओर ध्यान दें। इसे विशेष रूप से हाथ में लेने पर यह समस्त क्षेत्र उन्नति कर सकता है। जब तक इस क्षेत्र में खेती की उन्नति नहीं होगी, तब तक इसके विकास के अवसर उपलब्ध नहीं हो सकते। पिछली सरकार ने जो विकास योजनाएं बनाई थीं, वे आज भी चल रही हैं। जहां छोटे तथा सीमांत किसान ज्यादा संख्या में हैं, वहां छोटे तथा सीमांत किसान विकास एजेंसियां स्थापित की गई थीं। मुझे पता है कि रायबरेली जनपद के प्रत्येक विकास खण्ड में ऐसी एजेंसियां स्थापित हैं, लेकिन पूर्वी उत्तर प्रदेश के बहुत थोड़े विकास खण्डों में ये एजेंसियां कायम की गई हैं। इससे प्रकट होता है कि पिछली सरकार द्वारा जो भी एजेंसियां स्थापित की गई, अथवा विकास के जो भी माध्यम बनाये गये, उसमें भेदभाव किया गया।

इस क्षेत्र को दूसरों के समकक्ष लाने के लिये विशेष प्रयास और विशेष साधन जुटाने की जरूरत है। जब तक ऐसा नहीं किया जाएगा, तब तक उस क्षेत्र की समस्यायें हल नहीं होंगी।

[श्री उग्रसेन चौधरी]

जैसा कि माननीय सदस्य ने कहा है, वहां पर आवागमन की सड़कों की--भी एक प्रमुख समस्या है। नदी-नालों का जाल बिछा हुआ है; बड़ी बड़ी नदियां हैं। इस लिए वहां पर सड़कों का निर्माण भी यथाशीघ्र करने की आवश्यकता है। वहां की जमीन में बहुत उर्वरा-शक्ति है और जल की भी कमी नहीं है। यदि वहां सिंचाई की समुचित व्यवस्था हो जाये, तो इस क्षेत्र का विकास होने में कोई कठिनाई नहीं है--और केन्द्रीय सरकार इसके लिये सक्षम भी है। अगर प्रधान मंत्री जी इस ओर विशेष ध्यान दें, तो इस क्षेत्र की उन्नति हो सकती है।

आज भगवान की कृपा से ऐसा अवसर आया है कि हमने इस विषय पर विचार करना शुरू किया है। माननीय सदस्य, श्री यादवेन्द्र दत्त, को यह प्रस्ताव लाने के लिए मैं धन्यवाद देता हूं और सरकार से पुनः आग्रह करता हूं कि इस ओर विशेष ध्यान देकर हमें आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करें।

**श्री उग्रसेन** (देवरिया) : सभापति महोदय, आज जो विषय श्री यादवेन्द्र दत्त ने सदन के समक्ष रखा है, उस के सम्बन्ध में कई माननीय सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किये हैं। जब पटेल कमीशन बना, और हमारे पूर्वांचल की धरती पर आया, तो मैंने उसका स्वागत किया। मैं उस समय विधान सभा का सदस्य था, और मुझे पटेल कमीशन के साथ महीनों तक रहने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उत्तर प्रदेश सरकार ने कमीशन के सामने कुछ आंकड़े प्रस्तुत किये और उनकी सहायता के लिये विरोधी दलों के हम लोगों ने भी अपने आंकड़े प्रस्तुत किये।

कमीशन ने अपनी रिपोर्ट दी, और वह 1964 में छप गई। उसके बाद केन्द्रीय सरकार ने उत्तर प्रदेश सरकार को 4.80 करोड़ रुपया पूर्वी जिलों के विकास के लिए दिया। लेकिन जिस काम के लिए वह रुपया दिया गया था, वह उस काम पर खर्च नहीं किया गया। कांग्रेस सरकार ने वह पैसा दुसरी जगह खर्च कर दिया। मैंने इस सदन में सवाल किया था, और चिट्ठी भी लिखी थी, कि पूर्वी जिलों के विकास के लिए जो रुपया दिया गया था, वह देवरिया में खर्च न किया जाता, तो गोरखपुर में खर्च कर दिया जाता, अगर आजमगढ़ में खर्च न होता, तो बलिया या वाराणसी में खर्च हो जाता, लेकिन आखिर वह रुपया कहां खर्च किया गया। श्री साठे की सरकार ने उस ओर कोई ध्यान नहीं दिया।

कमीशन ने अपनी कुछ संस्तुतियां दी थीं। जब हम लोग उत्तर प्रदेश विधान सभा में इस प्रश्न को उठाते थे, तो दूसरे क्षेत्रों के भाई कहते थे कि पूर्वी जिलों के लोग बड़े निकम्मे और काहिल हैं। उसके जवाब में मैं कुछ नहीं कहूंगा। हमने पूर्वी जिलों में लोगों से वादा किया था कि अगर वे हमें चुन कर लोक सभा में भेजेंगे, तो हम उन साढ़े तीन करोड़ लोगों की वकालत करेंगे, जो शोषित, उत्पीड़ित और प्रताड़ित हैं, जो मजलूम और मजबूर हैं, जो गरीबी में रहते हैं, जो इन्सानियत की जिन्दगी बसर करना चाहते हैं, लेकिन नहीं कर सकते हैं।

मैं अपनी बात कहने से पहले पटेल कमीशन की रिपोर्ट में से कुछ पंक्तियों को पढ़ना चाहता हूं: --

"इस के अलावा ये लोग पीढ़ी-दर-पीढ़ी अत्यन्त दयनीय स्थिति में जीवन-यापन कर रहे हैं। जब पूरे दिन काम करने के बाद भी लोगों को दो वक्त खाना न मिले, सूखा और बाढ़ के कारण एकमात्र पेशा कृषि भी पूर्णतः अनिश्चित और अलाभकारी हो, प्रारंभिक चिकित्सा व जन-स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में अल्प-पोषित लोग अनेक बीमारियों के शिकार हो जाते हों, तो कोई आश्चर्य नहीं

नहीं कि लोग कर्म करने में विश्वास खो बैठें और भाग्यवादी बन जायें। विद्यमान सामाजिक स्थिति और दृष्टिकोण ऐतिहासिक गतिविधियों का परिणाम है। यह जनता की मूलभूत प्रकृति है। यदि शिक्षा, स्वास्थ्य व परिवहन की सुविधाओं की वृद्धि के साथ साथ आर्थिक विकास की शक्तियों को भी गतिशील किया जाये, तो इन में परिवर्तन लाया जा सकता है।"

यह पटेल कमीशन ने तीन चार महीने घूमकर और उनके आंकड़ों को देख कर कहा।

इस का बड़ा पुराना इतिहास है। यह सही है कि यह तथागत महात्मा बुद्ध के परिनिर्वाण की स्थली है, यह स्वामी महावीर की भूमि है और 1857 में यहीं राजा देवी बख्श सिंह ने जो गोंडा के थे और बन्धू सिंह जी ने आजादी की लड़ाई लड़ी थी। अंग्रेजों ने इस को दबाया और कांग्रेस की हकूमत आई तो उन्होंने भी इसे दबाया। सन 1942 की क्रान्ति पूर्वांचल के सोलह जिलों में कोई कम नहीं हुई। 8 अगस्त को ही वहां क्रान्ति की चिन्गारी भड़क गई। कांग्रेस के लोग आए तो उन्होंने भी हमें दबाया। किन्तु जय प्रकाश जी की समग्र क्रान्ति को लेकर पूर्वांचल की जनता ने जनता पार्टी को करीब करीब शत प्रतिशत मतदान किया और हम लोग यहां पर आए। तो आज उन की तरफ से मैं आप से कुछ कहना चाहता हूं। आज हमारे यहां की प्रति व्यक्ति आमदनी क्या है ? देवरिया की 155.88 उस समय की है और इस समय की भी बताता हूं। मैं पूरब और पश्चिम का भेद बताना चाहता हूं। जब 1970-71 में पूर्वी उत्तर प्रदेश में एक आदमी की साल की आमदनी 221 रुपये थी तो पश्चिमी उत्तर प्रदेश की औसत आमदनी 343 थी और 155.8 तो केवल देवरिया जिले की जहां से मैं आता हूं वहां की है। साठ साहब चले गए, मैं अपने गुरु डा० लोहिया की बातों की याद दिलाना चाहता हूं। ब्रज भूषण तिवारी जी ने भी इस बात को कहा। उन्होंने कहा था इसी सदन में 1967-68 में कि हिन्दुस्तान में 27 करोड़ लोग साढ़े तीन आने रोज पर गुजर करते हैं। साढ़े सोलह करोड़ लोग एक रुपये रोज पर गुजर करते हैं। उस समय 50 करोड़ की देश की आबादी थी। उस में साढ़े पचास लाख 34 रुपये से लेकर 3 लाख रुपये रोज पर गुजर करते हैं। बिरला के परिवार की एक दिन की आमदनी उन दिनों 3 लाख थी। आज भी इस से कुछ कमीवेश होगी। पूर्वांचल की ओर इन सोलह जिलों की बात में बताता हूं कि साढ़े तीन आने से वह चार आने नहीं हुई है, वह पौने तीन आने पर चली गई। हमारे पास जमीन नहीं है। बड़े बड़े भूपति हमारे यहां हैं जो हजारों एकड़ जमीन रखे हुए हैं। सरदार सुरजीत सिंह मजीठिया हैं। हजारों एकड़ जमीन उन के पास है। जो सीलिंग का कानून बनाया उस में एक इंच जमीन उनकी नहीं निकाली गई। जब तक जमीन बड़ों से छीन कर छोटों को नहीं बांटी जायेगी, गरीबों का भला नहीं हो सकता है। सारे पूर्वांचल के लोग कलकत्ता बम्बई आदि जगहों में मजदूरी करने के लिए जाते हैं। कलकत्ते के बाबू साहब, बम्बई के भइया और खदानों के कुली मजदूर हमीं है। हमारा खाना क्या है ? क्या हमारा लोक भोजन है, क्या हमारा लोक भवन है, क्या हमारी लोक भूषा है और क्या हमारी लोक भाषा है, उस के बारे में सदन के सदस्यों का मालूम नहीं है। हमारा लोक भवन है पलानी। भोजपुरी में झोपड़ी को पलानी कहते हैं। हमारा लोक भोजन क्या है ? हमारे यहां नदी नालों में जो केकड़ा होता है, दोहना होता है वह और आम की गुठली की रोटी, गोबर के अनाज की रोटी खाकर लोग बसर करते हैं। यह हमारा लोक भोजन है। लोक भूषा क्या है—कोपिन्नी, यह लंगोटी टाइप होती है और गांवों में साढ़े निन्यानवे फीसदी माताओं

[श्री उग्रसेन]

बहनों के लिए कहीं भी सार्वजनिक पाखाने नहीं बने हैं । मै बर्मा गया था, वहां कोई भी गांव ऐसा नहीं जहां सार्वजनिक पाखाने नहीं थे । यह स्थिति आज तीस साल की योजनाओं के बाद है जो हमारी यह गरीबी है, और हमारी लोक भाषा क्या है--भोजपुरी, कितनी प्रिय हैं, उस के लिए भी कुछ नहीं हुआ है । तो लोक भोजन नहीं, लोक भूषण नहीं, लोक भाषा नहीं, और लोक भवन नहीं । इस हालत में पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिलों के चार करोड़ लोग रहते हैं ।

मैं कुछ सुझाव देना चाहता हूं, और मै क्या सुझाव दूंगा, पटेल कमीशन ने सुझाव दिया है। पटेश कमीशन ने लिखा कि आजमगढ़ में ऊसर का रिबलेमेशन कर दिया जाये। कहीं हुआ ? क्यों नहीं हुआ ? उस ने लिखा कि आजमगढ़ और देवरिया में छोटे मोट हथियार, पटाखे वगैरह बनाने के कारखाने लगा दिए जायें । नहीं खोले गए। पटेल आयोग ने लिखा कि कोई कागज बनाने की मिल वहां खोल दी जाये और शीरे से सिंथेटिक रबड़ बनाया जाये। उत्तर प्रदेश में एक ही कारखाना सिन्थेटिक रबड़ का बरेली में है, दूसरा कारखाना नहीं खोला गया। सारा शीरा दूसरी जगह चला जाता है। और ये चीनी मिलें हमारे शोषण का जरिया हैं। आज भी पचास लाख, तीस लाख कमाते हैं और राष्ट्रीयकरण के नाम पर इन लोगों ने मशीनें उठा कर कलकत्ते बम्बई में जा कर बेच दीं। ये हम पर ऐसे लदे हैं कि हमारे मतदाता कहते हैं कि यह जोंक की तरह हैं जो हमारा खून पीते हैं। कब यहां से जायेंगे ? कब सरकार इनकी मिलों को लेगी ? मिलें लेने की बात कही गई है। 12 मिलें ली गई थीं और 19 करोड़ की पूंजी दी गई थी लेकिन पांच वर्ष में 8.33 करोड़ डिप्टी कलक्टर खा गए, 8.33 करोड़ का घाटा हो गया--बरनाला साहब इसकी जांच करें। तो फिर हमारा राष्ट्रीयकरण आगे कैसे बढ़ेगा ?

हमारे यहां कोई उद्योग धन्धा नहीं है। हमारे यहां कटहल होता है जो कि कानपुर भेज दिया जाता है । मैं चिल्लाता हूं कि कटहल से आचार बनाने का या कोल्ड ड्रिन्क बनाने का कारखाना खोल दिया जाए लेकिन नहीं खोला जाता है। हमारे यहां कर्घे थे, बड़ा काम होता था लेकिन वह भी समाप्त हो गए हैं। इस तरह से हमारे यहां उद्योगीकरण कुछ नहीं है। बाहर जहां जाते हैं वहां से निकाले जाते हैं। खानों से निकाले जाते हैं। बर्मा से हम निकाले गए। मुझे इस बात का गर्व है कि पूर्वांचल के लोगों ने आजाद हिन्द फौज में जाकर आजादी की लड़ाई लड़ी। आज हमारे यहां कोई ऐसा गांव नहीं है जहां पर आजाद हिन्द फौज के कर्नल, जनरल और बड़े हवलदार न हों। जबसे वे वहां से लौट कर आए हैं भूखों मरते हैं, उनके बच्चे भुखमरी के शिकार हैं और उनको कोई भी पूछने वाला नहीं है। उनको फौज में नहीं लिया गया, पेंशन उनको मिलती नहीं है। उन्होंने आजादी की लड़ाई लड़ी है इसलिए उसका फल भोग रहे हैं। मैं माननीय प्रधान मंत्री जी से कहूंगा कि आपने भी आजादी की लड़ाई लड़ी है, हम भी आजादी की लड़ाई लड़ते जा रहे हैं लेकिन हमें उसका फल न भोगाया जाए बल्कि हमें भी इन्सान की तरह से अपनी जिन्दगी बसर करने दिया जाए।

मैं एक सुझाव देना चाहता हूं। घाघरा और राप्ती दो बड़ी नदियां हैं जिनका पर सेकेन्ड तीन तीन लाख क्यूसेक से ज्यादा पानी का डिसचार्ज है लेकिन उन पर एक पैसे का भी काम नहीं हुआ है। मैंने प्रधान मंत्री जी को खत लिखा है कि आप नेपाल जा रहे हैं आप वहां के बादशाह से बात कीजिए जो करनाली योजना है, भारत सरकार के सिंचाई विभाग के उस सुझाव को अगर नेपाल के महाराजाधिराज और उनकी सरकार

अगर मान लेती है तो 3600 मेघावाट बिजली साल में पैदा होगी और सिंचाई की व्यवस्था भी होगी। नेपाल को मुफ्त बिजली भी दी जा सकती है और हमेशा हमेशा के लिए हमारी बाढ़ की समस्या भी समाप्त हो जाएगी। उसी प्रकार से भालू बांध की योजना है। 1958–59 में मैंने विधान सभा में हल्ला मचाया कि जलकुंडी योजना बनाइए। इनकी सरकार ने सात लाख रुपया सर्वेक्षण पर भी खर्च किया। उन दिनों में जलकुंडी योजना, जिसको भालू बांध भी कहते हैं, अगर बन जाती तो 45 करोड़ का खर्चा आता जबकि आज उस पर डेढ़ सौ करोड़ खर्चा करना पड़ेगा। उन दिनों करनाली योजना 55 करोड़ में बन जाती जबकि आज उस पर 250 करोड़ खर्चा करना पड़ेगा। लेकिन इन्होंने नहीं बनाया। क्यों नहीं बनाया? मेरी बातों का इन पर कोई असर नहीं हुआ।

यह जो पटेल कमीशन की रपट है उसको माठे साहब पढ़े। मैं किसी कमीशन की मांग नहीं करता। हमने सुझाव दिया है कि केन्द्र की सरकार और राज्य की सरकार को साल में इतना धन दे दें कि पटेल साहब ने जो सिफारिशें की थीं उनको लागू कर दिया जाए। कम से कम इतना काम कर दिया जाए। कहा जाता है कि दूसरे सूबों में प्रति व्यक्ति इतनी आमदनी हुई हैं लेकिन वहां पर प्रति व्यक्ति खर्चा कितना है? दिल्ली में एक आदमी के रहने पर 40–50 रुपया साल में खर्चा किया जाता है लेकिन देवरिया में प्रति व्यक्ति जो इन्वस्टमेंट है वह 14–15 रुपया था जो कि अब 17–18 रुपया हो गया होगा। एक बार मधु लिमये जी ने लोक सभा में प्रश्न किया था कि 17 साल की योजनाओं में किस स्टेट को कितना मिला तो किसी स्टेट को प्रति व्यक्ति 500 रुपया मिला, किसी स्टेट को 400 रुपया प्रति व्यक्ति मिला लेकिन उत्तर प्रदेश को प्रति व्यक्ति 101 रुपया मिला और हमारे पड़ोसी डा० रामजी सिंह की स्टेट को 99 रुपया प्रति व्यक्ति ही मिला। तो उसमें भी हम पिछड़े हुए हैं। हम हल्ला तो बहुत करते हैं लेकिन होता कुछ नहीं है। हमारे गुरु डा० लोहिया जी कहते थे कि तुम प्रधान मंत्री मत लो, प्रधान मंत्री दक्षिण का होगा तो तुम्हें योजनायें मिलेंगी। मैं अभी दक्षिण की ओर गया हुआ था, मैंने देखा हैदराबाद, कर्नाटक वगैरह में सारी योजनायें चलाई गई है। अब प्रधान मंत्री हमारे मोरारजी भाई हो गए हैं इसलिए मैंने कहा कि हमें अब कहना चाहिए कि सारी की सारी योजनायें पूर्वांचल में चलाई जायें क्योंकि उस हिस्से को सभी लोग भूले हुए थे। कांग्रेस राज्य में तो हमें केवल एक ही योजना मिली हुई थी—प्रधान मंत्री बनने की योजना—आप दूसरी कोई भी योजना उत्तर प्रदेश और बिहार के लिए हो तो बता दें।

अन्त में मैं एक सुझाव देना चाहता हूं। पटेल कमीशन की जो रिपोर्ट है उसको पढ़ा जाए और उसमें जो भी फीजिबिल हो उसको दो तीन साल में प्लान कर दिया जाए। लेकिन इसमें प्रायटी किसको दी जाए उसके बारे में भी मैं कहना चाहता हूं। आप नदी घाटी योजनाओं को पायटी दीजिए क्योंकि उससे बिजली मिलेगी और सिंचाई भी होगी। नेपाल भी फले फूले—यह भी देखना हमारा फर्ज है। उसकी भी हम मदद करें और उससे हमारे यहां बाढ़ भी हमेशा के लिए समाप्त हो जाएगी। साथ ही घाघरा के पेटे में रहने वाले साढ़े तीन करोड़ लोगों का भी भला हो जाएगा।

इसके साथ ही एक बात और भी कहना चाहता हूं कि छोटे-मोटे उद्योग धन्धे खादी एवं ग्रामोद्योग की तरफ से खुलवा दें। देवरिया की 30 लाख की आबादी है जिसमें 12–13 लाख बेकार हैं। उनके पास कोई काम नहीं है, वे सो रहे हैं, घूम रहे हैं और काम के बिना मर रहे हैं। इसकी वजह से वहां प्रति व्यक्ति

[श्री उग्रसैन]

आमदनी भी नहीं बढ़ रही है। इसके जरिए उनकी आमदनी भी बढ़ जाएगी।

पढ़ाई लिखाई का क्या हाल है वह भी आप देखें। पढ़ाई-लिखाई की जो हालत है, आप सब जानते हैं। मैं तो आप को यह सुझाव दूंगा कि साक्षरता सेना बना दीजिये; भूमि सेना बना दीजिये और ये लोग दो वर्ष के अन्दर हर आदमी को लिखना-पढ़ना सिखा देंगे। हमारे यहां आज बड़े-बड़े कालिज और यूनीवर्सिटीज़ हैं। मैं मोरारजी भाई को एक सुझाव देना चाहता हूं---इनको 6 साल के लिये बन्द कर दीजिये। आप कहेंगे कि मास्टर साहबान कहां जायेंगे। वे भी वहां जायेंगे, जैसे चीन में बांध बन रहा था तो इन सब लोगों को वहां लगा दिया गया। मेरे गुरु आचार्य नरेन्द्र देव ने मुझे बताया था--- वे सांघाई शहर में गये तो देखा कि तमाम प्रोफेसर, मास्टर लोग मक्खी-मार आन्दोलन में लगे हुए थे, उस आन्दोलन का यह परिणाम निकला कि पीकिंग और शांघाई से मक्खियों का सफाया हो गया, इसी तरह से इन लोगों को भी 6 वर्ष के लिये योजना के काम में लगा दीजिये। ये लोग हर वर्ष लाखों की संख्या में लोगों को पास कर देते हैं, उसके बाद उनको नौकरी नहीं मिलती और समाज में व्यवस्था फैलती है।

चौथी बात मैं यह कहना चाहता हूं--- हमारे प्रधान मंत्री जी हम को पैसा दे देंगे, हमारे उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री राम नरेश जी यादव पैसा दे देंगे, लेकिन होता क्या है--- वह पैसा पानी की तरह से छन-छन कर जब नीचे के स्तर पर पहुंचता है तो शून्य हो जाता है---पिछड़े इलाकों के विकास के लिये कुछ बचता ही नहीं इन पिछड़े इलाकों के विकास के लिये---चाहे पूर्वी उत्तर प्रदेश हो, बिहार हो, आन्ध्र प्रदेश हो, तामिलनाडु हो, पश्चिमी बंगाल हो---इन पिछड़े इलाकों के विकास के लिये, इनको ऊपर उठाने के लिये यदि विशेष "अवसर" का सिद्धान्त हमारी जनता पार्टी की सरकार मान जाये, इन को विशेष अवसर दे, तब इन का विकास हो सकता है।

आपके इकानामिक्स विभाग के आंकड़ों के अनुसार हिन्दुस्तान में 58 जनपद ऐसे हैं जो बहुत पिछड़े हुए हैं, दरिद्रता की सीमा रेखा के नीचे हैं, इनमें से 22 उत्तर प्रदेश में हैं और इन 22 में से 16 पूर्वी उत्तर प्रदेश में हैं। इसलिये, सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मोरारजी भाई से सादर, सविनय निवेदन करना चाहता हूं कि पटेल कमीशन की किताब को ठीक से पढ़ा जाये। केवल भाषण करने के लिये लायब्रेरी से मंगा कर और पढ़ कर फिर लायब्रेरी को वापस कर दिया जाये---ऐसा नहीं होना चाहिए। पटेल साहब ने जिन बातों को लिखा है और जो काम अभी तक नहीं हुए हैं, उनको देखा जाये, कौन फीज़िबिल है, कौन जल्दी हो सकते हैं, किनको पैसा लगा कर ऊपर उठाया जा सकता है---उनकी तरफ शीघ्र ध्यान दिया जाये। मैं आज उन लोगों की तरफ से बोल रहा हूं---जिनके पास न खाने को हैं, न मकान है, न पहनने को है और न शिक्षा है। मुझे विश्वास है कि जनता पार्टी की सरकार, राज्य और केन्द्र में दोनों, हमारे गरीब, फटेहाल, बेकार लोगों की ओर ध्यान देगी और हमें भी इन्सानों की जिन्दगी बसर करने का, जो पिछले 31 वर्षों में नहीं हो पाया, मौका देगी।

सभापति महोदय, आप को बहुत-बहुत धन्यवाद, आप ने मुझे इतना समय दिया।

**सभापति महोदय** : इस मोशन पर दो घंटे का टाइम दिया गया है, अब तक दो घंटे हो गये हैं।

**श्री गौरी शंकर राय** (गाजीपुर) : सभापति महोदय, इन चार जिलों में से एक

जिले का मैं भी रहने वाला हूं--इसलिये मैं अवश्य बोलना चाहता हूं।

**कुछ माननीय सदस्य** : हम भी पिछड़े इलाकों से आते हैं--हमें भी बोलने का मौका दिया जाये।

**श्री ओम प्रकाश त्यागी** (बहराइच) : मेरा प्रस्ताव है कि इस बहस पर समय बढ़ाया जाये।

**सभापति महोदय** : मुझे कोई एतराज नहीं है--इसके बारे में हाउस फैसला करे।

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND LABOUR (SHRI RAVINDRA VARMA): We have no objection if the hon. Members want the time to be extended but the discussion should end to-day. That was the recommendation of the Business Advisory Committee.

MR. CHAIRMAN: All right, how much time?

SHRI RAVINDRA VARMA: By half an hour.

MR. CHAIRMAN: That means that I will have to call the Prime Minister at quarter to six.

SHRI K. LAKKAPPA (Tumkur): What is all this? This is all regionalism.

**श्री गौरी शंकर राय** : साढ़े छः बजे तक तो यह पहले ही चलने वाला था। आप थोड़ी मदद करें--इसके टाइम को थोड़ा बढ़ायें। मैं भी उन चार जिलों में से एक का प्रतिनिधि हूं।

**सभापति महोदय** : लेकिन प्रधान मंत्री जी को कहीं जाना है।

**श्री गौरी शंकर राय** : हम जानते हैं कि उनकी कठिनाई है, लेकिन हम क्या करें। जहां का मैं प्रतिनिधि हूं, वहां के प्रतिनिधि के बोलने पर ही यह कमीशन बना था। आज का प्रस्ताव मेरा भी था, हम दोनों सदस्यों का था।

MR. CHAIRMAN: The time allotted is over. I will call Mr. Lakkappa. There are many other hon. Members also wanting to speak. Now the hon. Prime Minister says that after 6 p.m. he will not be here as he has a prior appointment.

**श्री गौरी शंकर राय** : इसको कल के लिये पोस्टपोन कर दीजिये। पिछले छः महीनों से मैं कोशिश कर रहा था कि यह प्रस्ताव यहां आये।

**श्री उग्रसेन** : प्रधान मंत्री जी कल जवाब दे दें।

**श्री गौरी शंकर राय** : प्रधान मंत्री जी कल जवाब दें। हम छः महीने से कोशिश कर रहे थे कि यह प्रस्ताव आवे और आज यह प्रस्ताव यहां आया है। इसलिए इस पर हमें भी बोलना है।

**सभापति महोदय** : प्रधान मंत्री जी को 6 बजे जाना है, इसलिए वे आज पहले बोल लें और उसके बाद आप बोल लीजिये।

**श्री गौरी शंकर राय** : हमारी बात सुन कर जब प्रधान मंत्री जी बोलेंगे तभी हमें संतोष होगा। अगर आज इस पर बहस पूरी नहीं हो सकती तो प्रधान मंत्री जी कल जवाब दे दें और आज हमें बोलने का मौका दिया जाये।

SHRI HARIKESH BAHADUR: Reply may be given by the Prime Minister to-morrow.

SHRI RAVINDRA VARMA: If this is approved by the House, the debate may go on to-day and the Prime Minister may reply to-morrow morning. He will take fifteen minutes.

[Shri Ravindra Varma]

To-morrow there is the discussion on Netaji.

SHRI MORARJI DESAI: There are very few in the Opposition. What is the use of a reply to-day: If it is permitted I can reply to-morrow.

MR. CHAIRMAN: Prime Minister will reply to-morrow.

Is it the desire of the House to extend the time of the House? If so, should it be extended by an hour or half-an-hour? It may go upto 18.30.

SHRI YADVENDRA DUTT: I have one submission to make. Originally the time given was from 3.30 to 6.30. It may be extended beyond that.

MR. CHAIRMAN: The time allotted is 2 hours. We have completed two hours also. I should have called the Prime Minister to reply and also yourself. But as Members were anxious to speak on this and it is a very important subject, I appreciate their anxiety. That is why I give them a chance. Since the Prime Minister has agreed to speak to-morrow, let us extend time upto 18.30.

Is it the desire of the House to extend the time of the House upto 19.00 hrs.?.

SHRI VAYALAR RAVI (Chirayinkil) We agree.

SOME HON. MEMBERS: Yes, the time may be extended upto seven O'Clock.

SHRI RAVINDRA VARMA: With the Half-an-hour discussion be from 6.30 P.M. to 7 P.M.?

MR. CHAIRMAN: The House will continue upto 7 P.M.

SHRI K. LAKKAPPA (Tumkur): Motion has been moved by Shri Yadvendra Dutt on an important subject. I support the sentiments and the views as also the object with which this has been moved in this House.

I heard the other side with rapt attention. The mover has also made very important points. In 1962 a Joint Committee was set up by the Planning Commission to examine the backwardness of four districts of Eastern U.P. I have that report in my hand. The very important aspect of it was this. Their aim was to ensure uniform rate of growth and uniform level of development in different regions of the country. The Study Team was authorised to explore the possibility of understanding the depth of backwardness in Eastern U.P. As the House is aware, three Prime Ministers have come from U.P. The more the Prime Ministers from U.P., the more the backwardness of U.P. Another person from U.P. is also trying inside to become Prime Minister. Well, I don't know how much backwardness of U.P. is there. Our Prime Minister has to look into this U.P. State has dominated all along the political will of this country. We have found the creation of an atmosphere of distress, dissatisfaction, inequalities and imbalances, especially, regional imbalances and these things have been very clearly reflected. It is not that we are pleading in this forum saying that roads have not been built, fisheries have not been developed, or industries have not been developed and so on, in any particular region. It is not that we are saying that railway lines have not been laid in this place or that place. What we are saying is that we should take an overall view of the country, the regional imbalances of the country, the backwardness and so on. Economic growth is not uniform throughout the country. This is not a surprising thing in respect of U.P. alone.

Pandit Nehru brought to our country the concept of scientific planning at that time. But in the implementation of planning what we find now is that the very object has been nullified, by various expert committees and so on because it is only the will of the bureaucrats which has been prevailing. The present Government is also adding more confusion and we don't know what the concept of rolling plan is.

There has been no scientific analysis of the backwardness of the country in terms of development, industrial growth and so on. This is the situation which is prevailing today.

Therefore, the entire situation has to be studies on the basis of giving equality of development, sharing of resources in an equitable manner. We should see that all corners of U.P. or of any other State, for that matter, are dealt with in a proper and effective manner. Proper growth must be ensured. Even the Patel Commission report is only a fractional report. It is not based on any scientific basis or any such thing. They have only examined some people and given a report. For the last so many years nothing has been improving. All the representatives of the regions have been pleading in the House that the backwardness has to be removed, not only in U.P. but everywhere wherever there is backwardness. So, this is the situation that is prevailing now.

So far as implementation of the recommendations of the Administrative Reforms Commission are concerned, divergent views have been expressed. Even Shri Jayaprakash Narayan had recently made a statement in Bihar further reorganisation will only mean this—the bigger a State the bigger will be its problem; there cannot be any economic growth. U.P. is quoted as an example. Population of U.P. has assumed greatest dimension now. This is the biggest State of India which could not only produce a large number of M.Ps but also M.L.As and they can control the whole of India politically. This applies not only to the Janata Party but also to the Congress Party by virtue of the strength. That is not at all good. Is it possible to run the administration efficiently if U.P. is left in this state? I will not advocate that all the bigger States should be split into smaller ones. I only want that there should be a rational approach as far as reorganisation of the bigger States is concerned.

In U.P. there are now 56 districts. In U.P. there used to be more than one hundred ministers let alone the Ministers of State and Deputy Minister. Even making use of the entire government machinry is it possible to improve the situation in U.P. as far as removal of its backwardness is concerned? That is the most important aspect which has got to be kept in mind. I hope my hon. friends will not mind taking help from the Centre on this basis.

There are ever so many rivers in this country. Ganga is there. We have got natural wealth available in plenty in this country. And nature is so kind to this country so far as natural wealth is concerned. But, have we tried to exploit the natural wealth of this country for the betterment of the people or for the economic prosperity of this country? No. That is because of lack of rational thinking on our part. The bigger the States you create the bigger the problems will be. For development of any part of the country, politics comes in. I would say that U.P. is bringing in politics. I may tell you that so far we had three Prime Ministers from U.P. And another man, Shri Charan Singh is trying to become Prime Minister. He hails from U.P.

What the Planning Commission should do or what the Prime Minister should do is this. Wherever you feel that there is a big State, you should see that there must be a rational and viable administration without creating regional imbalance. This sort of atmosphere is what we want now. You should see to it that each backward State of the country is developed uniformly and you should see that assistance is given to each such state in a uniform manner. The entire planning of this country requires to be done on a rational and scientific manner. I am sorry to state that the Planning Commission and the present Government are simply creating more confusions thereby adding fuel to the fire.

Reorganisation of U.P. is no doubt important. But, at the same time, I

[Shri K. Lakkappa]

request the Prime Minister to see to it that all these points which I have brought out are taken into account by Government and Government should see to it that the regional imbalances in all the backward regions are removed as early as possible.

For the development of backward areas of the States, the country should be taken as a whole and not U.P. alone.

With these words, I support the Motion moved by my hon. friend.

**श्री द्वारिका नाथ तिवारी** (गोपालगंज) : यह बात नहीं है कि देश के पिछड़े हिस्सों और रिजनल इम्बैलेंसिस के सम्बन्ध में इस सदन में चर्चा कभी नहीं हुई । करीब-करीब हर सेशन में इन समस्याओं पर वाद विवाद होता रहा है । कांग्रेस गवर्नमेंट के समय में भी होता रहा है ओप जनता सरकार के समय में हुआ है । बजट के समय भी इस पर ध्यान दिलाया जाता है । सरकार की तरफ से आश्वासन भी मिलते है कि पिछड़ेपन को दूर करने के लिए वह कदम उठायेगी और उठा रही है । लेकिन जो पिछड़े हुए भाग है वे अभी भी पिछड़े हुए बने हुए है और उनमें कोई ताकत नहीं आ रही है कि वे स्वावलम्बी हो सकें । यह भी सरकार को समझना चाहिये कि जब किसी शरीर का या देश का एक अंग कमजोर होता है तो सारे अंग में ताकत होने के बावजूद भी वह शरीर न बढ़ सकता है और न देश आगे जा सकता है । पिछड़ा हिस्सा आगे वाले को भी पीछे खींच सकता है । प्रस्तावक महोदय ने कहा था कि उत्तर प्रदेश के चार जिलों की जो बात है वह तो एक प्रतीक मात्र है, देश के हर प्रान्त में, हर हिस्से में कुछ ऐसे इलाके हैं जो बहुत पिछड़े हुए है । सौभाग्य से पंडित जवाहरलाल नेहरू के समय में उत्तर प्रदेश के पिछड़े हिस्सों का प्रश्न उठा और एक कमीशन मुकर्रर हुआ जिसका नाम पटेल कमीशन था और उसने एक रिपोर्ट दी वहां के पिछड़ेपन के सम्बन्ध में । अभी हमारे पूर्व वक्ताओं ने भी अपने-अपने इलाको की हालत को सदन के सामने रखा है और बतलाया है कि कितनी दयनीय स्थिति वहां की है । पिछड़ापन नापने के लिए चार मापदंड होने चाहियें । पहला यह कि पर-केपिटा इनकम क्या है, दूसरा यह कि पर केपिटा बिजली का कंजमशन क्या है, तीसरा यह कि क्वान्टम आफ़ अनऐम्प्लायमेंट क्या है और चौथा यह कि शिक्षा का विस्तार कितना है । इन चारों बातों को आप देख ले तो मालूम हो जायेगा कि देश का कौन सा हिस्सा बहुत पिछड़ा हुआ है, या सब से अधिक पिछड़ा हुआ है । जितने पिछड़े इलाके है उन में कहीं 185, 200, 210 रु० से ज्यादा परकेपिटा इन्कम नहीं है । नौर्थ बिहार हो या पूर्वी उत्तर प्रदेश हो या तेलंगाना हो या और कहीं भी हो सकता है । देश के हर प्रदेशों का मुझे मालूम नहीं है, लेकिन जो बड़े समृद्धिशाली प्रदेश भी है उन में भी कुछ पौकेटस पिछड़े हो सकते है जिनकी दशा बहुत दयनीय हो सकती है । इन चार मापदण्डों पर सरकार को चाहिये कि एक सर्वेक्षण कराये, एक एरिया मार्क कर दे कि यह यह हिस्से पिछड़े हुए है और उनको सब फ़ेसिलिटीज़ दें आगे बढ़ने के लिए । जब तक ऐसा नहीं होगा तब तक जो आगे है वह और आगे बढ़ते जायेंगे और पीछे वाले पीछे रह जायेंगे और उनमें अन्तर इतना हो जायगा कि फिर वे पिछड़े इलाके कभी भी आगे बढ़ नहीं सकते है ।

तो मैं सरकार से कहूंगा कि जैसे उत्तर प्रदेश के चार जिलों के सम्बन्ध में कहा गया है पटेल कमीशन की रिपोर्ट में, उत्तर प्रदेश के और भी जिले है जो इतने ही पिछड़े हुए है, इसी प्रकार नौर्थ बिहार में भी 5, 6 जिले ऐसे है जिनकी परकैपिटा इन्कम 190, 195 रु० है, लिट्रेसी बहुत कम है, अन-ऐम्प्लायमेंट बहुत ज्यादा है, बिजली की खपत जहां मद्रास में 110 यूनिट प्रति व्यक्ति

है वहां नौथ बिहार में 12, 14 यूनिट प्रति व्यक्ति है । कितना अन्तर है । हमको देखना चाहिये कि जो स्टेटस हम से अधिक प्रोग्रेस कर चुकी है उनके मुकाबले में हमको आधी भी चीजें उपलब्ध होती है कि नहीं । सरकार को पहले यह देखना चाहिये, हमको अगर उस मकाबले में नहीं तो कुछ कमोबेश सुविधायें भी अगर वहां पिछड़े इलाकों में पहुंचा सके तो हमारा पिछड़ापन दूर हो सकता है, अन्यथा नहीं हो सकता है ।

सरकार की नीति मैंने देखी है । बिजली का कारखाना अगर लगाना है तो पिछड़े इलाकों को बिजली देने के लिये नहीं, बल्कि जो कुछ एडवान्स्ड स्टेट है उनमें बिजली के कारखाने लगा दिये जाते है । वहां बिजली की सप्लाई बढ़ जाती है, और जहां पहले से कमी है वहां और कमी हो जाती है । चौहान साहब जब वित्त मंत्री थे तो मैंने यह बात कही थी और उन्होंने आश्वासन दिया था कि हम कुछ कर रहे है । लेकिन वह हुआ नहीं । हम लोग वहीं के वहीं रह गय । ट्रेड में, इंडस्ट्री में कहा गया कि पिछड़े इलाकों को इतनी सबसिडी दी जाये । वह सबसिडी ले कौन ? उनके पास इतनी शक्ति नहीं है कि अपनी इंडस्ट्री काम कर सकें । तो आपको सरकार की तरफ से वहां इंडस्ट्री कायम करनी है और लोगों को एमप्लायमेंट देना है ।

बिहार के सम्बन्ध में कहा जाता है कि नेचर ने उसे बहुत फ़ेवर किया है । लेकिन वास्तव में स्थिति यह है कि वहां प्लेंटी में स्केरसिटी है । वहां पर इतने नैचुरल रीसोर्सिज़ है, लेकिन उनका एक्सप्लायटेशन ठीक से नहीं हो रहा है । अगर कुछ होता भी है, तो बाहर के लोग वहां इतने हावी हो गये है कि वहां के बाशिन्दों को उनका ज्यादा फल नहीं मिल पाता है । उन्हें एम्प्लायमेंट में भी अपना उचित हिस्सा नहीं मिलता है ।

मैं सरकार से कहूंगा कि वह इन चार आधारों पर एरियाज़ का मार्क कर दें । पर-कैपिटा इनकम, पर कैपिटा कनज़म्शन आफ इलेक्ट्रिसिटी, परसेंटेज आफ एजुकेशन और परसेंटेज आफ एम्प्लायमेंट । जहां तक गवर्नमेंट के पर कैपिटा इनवेस्टमेंट का सम्बन्ध है, अगर पिछड़े हुए राज्यों को एडवांस्ड स्टेटस के समकक्ष नहीं लाया जायेगा, तो वहां क्या प्रगति हो सकती है ? प्लानिंग कमीशन कहता है कि मैचिंग ग्रांट दो--जितनी मदद केन्द्र से मिलेगी, उतने रीसोर्सिज़ स्वयं उपलब्ध करो, और पिछड़े हुए राज्य इसके लिए समर्थ नहीं है । नतीजा यह है कि एडवांस्ड स्टेटस को अधिक पैसा मिलता है, और पिछड़े हुए राज्यों को रीसोर्सिज़ को मैच न कर पाने की वजह से कम मिलता है । यह नीति बदलनी चाहिए, अन्यथा पिछड़े इलाके हमेशा के लिए पिछड़े रह जायेंगे, और आगे बढ़े हुए इलाके आगे बढ़ते चले जायेंगे ।

मैं प्रधान मंत्री जी से कहूंगा कि इस मापदंड के अनुसार देश के किसी भी हिस्से में जितने इलाके पिछड़े हों, उन्हें आगे बढ़ाने के लिए वह कोशिश करें ।

**श्री गौरी शंकर राय** (ग़ाज़ीपुर) : सभापति महोदय, इस क्षेत्र की करुणाजनक स्थिति का वर्णन बहुत से मित्र कर चुके है । इसलिये मैं उन्हें दोहराना नहीं चाहता हूं । इसकी कथा यह है कि उस क्षेत्र से इस सदन के एक सदस्य, श्री विश्वनाथ सिंह गहमरी, ने वहां की गरीबी का चित्रण करते हुए बताया कि लोग गोबर से दानों को निकाल कर खाते है । पंडित नेहरू को इस बात का ज्ञान नहीं था कि इस देश में ऐसे भी मनुष्य रहते है, जो गोबर में से दाने निकाल कर खाते है । उन्होंने कहा कि एक कमीशन बना दिया जाये । वह कमीशन 1962 में बना और उसने अपनी रिपोर्ट दी ।

[ श्री गौरी शंकर राय ]

उसके बाद एक दफ़ा थोड़ा सा धनया सेंटर ने दिया, लेकिन फिर उसने उस क्षेत्र के लिए कभी कोई फ़ंडज़ एलाट नहीं किये । माननीय सदस्य, श्री तिवारी ने कहा है कि इस विषय पर यहां हर साल बहस होती थी । मुझ इसका पता नहीं है : उस कमीशन के सम्बन्ध में ये उद्देश्य थे आर्थिक और सामाजिक समस्याओं का अध्ययन, दो योजनाओं में हुए विकास का मूल्यांकन और तेज़ गति से उस इलाके की प्रगति ।

उस कमीशन ने अपनी रीकमंडेशन में कहा था कि स्टेटस को फ़ंडज़ के अलाटमेंट के सम्बन्ध में कुछ नया आरियेंटशन करना चाहिये—राज्यों को केन्द्र से जो धन एलाट होता है उस के सिलसिले में नये तरीके से सोचना चाहिए । मैं उस रिपोर्ट में से कुछ वाक्य पढ़ना चाहता हूं :—

"While recommending specific schemes/projects of development in different fields, the study team has suggested certain recommedations in the pattern and policy of central assistance to the states for development of backward areas, special machinery for implementation, personnel policy, rationalisation of administrative procedure to accelerate the tempo and execution of the development plans in the backward areas. I am sure that these suggestions would be considered with due care and specific action taken by the appropriate authorities."

दुर्भाग्य यह है कि किसी एप्रोप्रिएट एथारिटी ने इस का डयू नोटिस ही नहीं लिया—किसी ने उसे नहीं पढ़ा । जैसा कि कमीशन ने सजेस्ट किया है, जब तक पिछड़े इलाकों को आगे बढ़ाने के लिए यहां से फंडज को एलाट करने के पैटर्न में परिवर्तन नहीं किया जायेगा, उन के लिए अलग से एलोकेशन नहीं होगा और इम्प्लीमेंटेशन की मशीनरी की तरफ विशेष ध्यान नहीं दिया जायेगा, तब तक उन इलाकों की प्रगति का टेम्पो बढ़ने वाला नहीं है ।

हमारे मित्रों ने कहा है कि यह रिपोर्ट कोल्ड स्टोरेज में पड़ी हुई है । सरकार से मेरा निवेदन है कि अब ये इलाके, या इस प्रकार के दूसरे इलाके, अब अधिक दिनों तक इस स्थिति को बर्दाश्त करने वाले नहीं हैं । सभी नेताओं के द्वारा प्रति वर्ष क्षेत्रीय असंतुलन, रिजनल इमबेलेंसिज ; की बात कही जाती रही है । लेकिन रीजनल इम्बैलेंस को दूर करने के लिए फिर से मैं दोहराना चाहता हूं कि सारे देश के स्तर पर जो पिछड़े हुए रीजन्स हैं उन के लिए केन्द्र से एलाटमेंट करने के पैटर्न को बदलना पड़ेगा नहीं तो जो पिछड़ा रहेगा उस को कम एलाट होगा और जो आगे होगा उस को ज्यादा एलाट होगा । ऐसे काम चलने वाला नहीं है ।

अब मैं इस संबंध में दो बातें और बता देना चाहता हूं । इसी कमीशन ने पृष्ठ 143 पर लिखा है, मैं उसे पढ़ना नहीं चाहता । उन को यह अनुभव मिला कि पिछले दो प्लान पीरियड्स में जो एलोकेशंस हुए हैं जिन में कहा गया है कि पिछड़े इलाके की मदद की जाय, उन को उस का कोई विशेष लाभ नहीं मिला है । बल्कि अनफेवरेबल पोजीशन उन की रही है । सर्वथा दयनीय स्थिति यह है कि इस टीम ने कहा है कि डाटा भी नहीं कलेक्ट कर सके, अध्ययन भी नहीं कर सक । पृष्ठ 145 पर इस का रेफरेंस उन्होंने दिया है । इस के बाद इस टीम ने पृष्ठ 161 पर कुछ बातें स्पष्ट रूप से केन्द्रीय सरकार के लिए खास तौर से कही हैं और उस में सिर्फ यहीं के लिए नहीं बल्कि देश के दूसरे इलाकों का भी इशारा उन्होंने किया था । उन्होंने कहा है ;

"The growth of population is so heavy that if the area is entirely left for development by the private sector, the development may not be quick enough to bring about the desired increase in the avenues of employment, income and standard of living. Heavy investments would therefore, be necessary to achieve the desired results. The Central Government is already putting up heavy projects involving substantial investments, the locations of which are decided on various criteria. Keeping this in view, it is recommended that such of these projects which could be located in the backward areas including eastern UP may be located in this area. Among the Central Projects that could be suggested for location in this area are machine tools, machine tools accessories, tool kit units and a small tractor manufacturing unit. It should also be possible to locate one or two ordinance factories in these districts. Investment of Rs. 15 to 20 crores would be envisaged for this purpose."

उन्होंने बड़ा स्पष्ट कहा है कि यहां पर जो इंडस्ट्री की बात है उसमें प्राइवेट सेक्टर से काम नहीं चलगा । जब तक सरकार पब्लिक अंडरटेकिंग के जरिए वहां फोकल प्वाइंट नहीं बनाएगी तब तक उन का किसी प्रकार का विकास नहीं हो सकता । मैं इस राय का नहीं हूं कि कमीशन बनाया जाये हालांकि उधर के बैठे हुए लोग कमीशन के नाम पर चौंक जाते हैं । साठे साहब नहीं हैं, मैं उनसे कहना चाहता था जैसा दुबे जी ने कहा कि यह शाह कमीशन नहीं है, दण्ड देने वाला कमीशन नहीं है बल्कि प्रगति लाने वाला कमीशन है । ये खामखवाह चौंक जाते हैं । लेकिन मैं कमीशन की बात नहीं करता और वह इसलिए नहीं करता कि उसमें समय लगेगा । उसमें जो रेकमेंडेशंस हैं उन के अलावा जिन चन्द बातों को मैं आप की सेवा में अर्ज करना चाहता हूं ।

मैं प्रधान मंत्री से कहना चाहता हूं, हमारे नेता विरोधी दल में बैठे हुए हैं और उस शासन में प्रधान मंत्री जी भी रहे हैं, मैं उन की बात को टालता नहीं हूं लेकिन यह कहना चाहता हूं कि जिस देश में 30 वर्ष की आजादी के बाद और सुनियोजित अर्थ व्यवस्था के इतने दिन चलने के बाद भी पीने के पानी का अभाव हो, उस देश के लिए हमारे कुछ मित्रों को गर्व हो सकता है चाहे वह उधर के हों या इधर के हों मगर मुझे और मेरे जैसे कुछ लोगों को उस के लिए शर्मिन्दा होने की इजाजत आप दें । मैं शर्मिंदा हूं इस देश के एक नागरिक होने के नाते कि 30 वर्ष के बाद यहां के लोगों को पीने का पानी नहीं प्राप्त है । इस लिए मैं प्रधान मंत्री से कहना चाहता हूं कि सारे पिछड़ेपन के पहले इस बात की व्यवस्था हो जाये कि पूर्वी उत्तर प्रदेश के इन जिलों में और सभी पिछड़े इलाकों में चलने के लिए सड़क और पीने के लिए पानी की व्यवस्था हो जाये । यह सरकार पिछले तीस साल में पीने के पानी की व्यवस्था नहीं कर सकी है । मैं कोई एम्बीशंस प्लान प्रधान मंत्री के सामने नहीं रखना चाहता हूं । वह बड़ हयूमनिस्ट भी हैं और गांधियन भी हैं । मैं उन से किसी प्रोजक्ट, किसी प्लानिंग या समाजवाद के नाम पर नहीं दरख्वास्त करना चाहता हूं, इंसानियत के नाते, इंसान और जानवर के पीने के, पानी का इंतजाम हो जाये, इस की मांग करता हूं । सब से पहले सरकार को यह निर्णय करना चाहिए । ऐसा निर्णय सरकार ने किया है लेकिन उस के इम्प्लीमेंटेशन के लिए जो करना चाहिए उस में अभी कमी है । इसलिए मैं प्रधान मंत्री से कहना चाहता हूं कि सब से पहले उस का इंतजाम हो जाये । मैं गाजीपुर जिले से प्रतिनिधि होकर आता हूं । वहां पर 600 गांवों में प्रति वर्ष पानी का अभाव होता है । कभी कभी एक हजार गांवों में हो जाता है और पिछले वर्ष 600 गांवों में पानी का अकाल हो गया था । स्केयर्सिटी नहीं थी, वाटर फेमिन हो गया था । पीने के पानी की यह स्थिति है ।

[श्री गौरी शंकर राय]

**18 hrs.**

[MR. DEPUTY SPEAKER *in the Chair*]

दूसरी बात—पब्लिक अंडरटेकिंग के कारखाने की बात मैंने कही लेकिन सब से पहले जैसा हमारे मित्रों ने कहा जाने को रास्ता नहीं हुआ तो कोई विकास वहां नहीं जा सकता है। इन्हीं सड़कों के रास्ते से विकास गांवों में जा सकता है, उस को वहां ले जाया जा सकता है। नदियों के इलाके हैं। बाढ़पीड़ित इलाके हैं। गाजीपुर के जिस क्षेत्र से मैं आता हूं उसके अलावा और इलाकों में भी नदियों पर पुल नहीं है। एक ही जिला तीन तीन हिस्सों में ही जाता है। मैं खुद इस बरसात में एक तहसील में जा नहीं सका इसलिए कि बीच में गंगा पड़ती है, बिहार से हो कर जाना पड़ेगा। एक ही जिला तीन हिस्सों में बटा हुआ है, आज भी वहां पर जाने का कोई रास्ता नहीं है। तो मैं कहना चाहता हूं कि विकास करने की बात बाद में आती है उसके पहले इंफ्रास्ट्रक्चर की स्टेज आ जाये। पहले वहां पर सड़कें, पुलियां बन जायें और इनसान तथा जानवरों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था हो जायें। किसी साइंटिफिक अथवा समाजवादी प्लानिंग के लिए नहीं, मानवीय दृष्टिकोण से प्राणिमात्र के लिए जो आवश्यक बातें हैं उनकी योजना आप स्वीकार करें। इसके लिए केन्द्रीय सरकार अलग से फंड स्टेट गवर्नमेंट्स को दे। इसके इंप्लीमेंटेशन के लिए कोई अलग से मेकेनिज्म बनाये और अलग से उसके लिए फंड एलाट करे। अभी तक यह होता रहा है कि जब कभी हमने पूछा—मुझे प्रदेश में रहने का अवसर मिला है—कि ईस्टर्न उत्तर प्रदेश में कितना खर्चा हो रहा है तो उनका जितना सारा बजट एलाटमेंट होता था उसको जोड़ कर बता देते थे कि कुल इतना खर्चा हो रहा है। उतना भी खर्चा वहां पर वास्तव में नहीं हो रहा था, उससे भी कम खर्चा हो रहा था क्योंकि मैचिंग ग्रांट नहीं होती थी और उस रुपए को इस्तेमाल करने की कैपेसिटी नहीं होती थी। समय नहीं है नहीं तो वह भी मैं आपको बताता। उस मामले में जो क्रेडिट का रेशियो है डिपाजिट के साथ वह मिनिमम है सारे देश में।

25 परसेंट के पास है, जब कि सारे उत्तर प्रदेश में करीब 45 परसेंट से कम ही, 40 परसेंट ही है। हमारे देश में केरल में 110 परसेंट है, जहां आदमी जमा करता है—100 रुपए, तो 110 रुपये लेता है। महाराष्ट्र में 104 परसेंट है। मैं नहीं कहता कि हमारे यहां 104 हो जाये, लेकिन ये सारी कठिनाइयां है और जो सुविधायें मिलती है, उन का प्रयोग नहीं कर पाते हैं, क्योंकि उस के लिये इन्फ्रास्ट्रक्चर नहीं है। इस लिये जो बुनियादी बातें है, जैसे पीने का पानी और चलने का रास्ता, उस की सारी योजनायें अलग से होनी चाहिये। एक कोने से दूसरे कोने में जाने के लिये पुल हो—ऐसी व्यवस्था होनी चाहिये।

मान्यवर, माइनर इरिगेशन की बात चल रही है। उस इलाके में सिंचाई नहीं है, नामिनल सिंचाई की व्यवस्था है। बरसात के सहारे और आसमान के सहारे युगों से लोग चले आ रहे हैं और आज भी चल रहे हैं।

छोटी इंडस्ट्रीज, की बात कही जाती है, लेकिन वहां पर किसी तरह की कोई इंडस्ट्री नहीं है और न उस का कोई केन्द्र बनने वाला है। अगर सरकार उस क्षेत्र में बड़ी लाइन की व्यवस्था कर सके तो मेरे ख्याल में कुछ संभावना हो सकती है।

प्राइमरी स्कूलों की जहां तक बात है—मैं चाहूंगा आज से कुछ दिन बाद नेता-विरोधी दल खुद मेरे साथ चले। मंत्री की हैसियत से गये होते तो उन को नहीं दीखता, लेकिन मैं उनको चल कर दिखाऊंगा कि

उस इलाके में बीसों गांव में छप्पर के स्कूल हैं या बरगद के पेड़ के नीचे बैठ कर बच्चे पढ़ते हैं । प्राइमरी पाठशालायें तक वहां पर नहीं हैं । लड़के घरों से टाट के बोरे लेकर जाते है और उस पर बैठ कर पढ़ते हैं । मैं निन्दा नहीं करता—नेता-विरोधी दल की, कि उन्होंने तीस साल में कुछ नहीं किया । मैं कहता हूं अभी से इस पर ध्यान दिया जाये । प्रधान मंत्री जी भी अपने लोगों को वहां भेजे और अगर हमारी बात पर विश्वास हो तो इस दिशा में जो बुनियादी चीजें हैं उन को सुधारने का पहले प्रयास किया जाना चाहिये और उस के बाद समाजवाद, जिस पर बड़े प्रवचन हो चुके हैं, का निर्माण होगा ।

छोटी सिंचाई की योजनायें बनाई जायें । एक बात और है—जिस को मैं बार-बार कहता रहा हूं और आज फिर दोहराना चाहता हूं कि इस देश में एक भी ट्रैक्टर का कारखाना नहीं है । लोग कहेंगे कि मैं गलत बोल रहा हूं, लेकिन मैं जानता हूं कि 18 एकड़ की हदबंदी हो जाने के बाद 80 फीसदी जो किसान हैं, उनके पास ढाई-तीन एकड़ की जमीन है । उन के लिये छोटे ट्रैक्टर बनाने का कोई भी कारखाना इस देश में नहीं है । छोटे किसानों के लिये कोई भी छोटा ट्रैक्टर या छोटी-छोटी मशीनें जो उनके इस्तेमाल के लायक हों—देश में नहीं बनते हैं । आप मकेनाइज्ड फार्मिंग की बात करते रहे हैं, लेकिन छोटे किसानों के पास भी मकेनाइज्ड फार्मिंग हो सके, इस की कोई व्यवस्था नहीं हुई है । केवल 2 परसेंट बड़े फार्मर्स के लिये सारी व्यवस्था हुई है । इस दृष्टिकोण से भी इस मामले पर विचार होना चाहिये ।

मैं प्रधान मंत्री जी से कहूंगा—कि स्पेशल-एड के साथ-साथ इन्सेन्टिव स्कीमें इन इलाकों को दी जायें और स्पेशल कन्सेशन्ज़ दिये जायें । मार्केट की सुविधा प्रदान की जाये, अन्यथा उद्योगों की तरक्की वहां नहीं हो सकती है । इस मामले पर जल्दी अमल होना चाहिये ।

मैं एक बात और कहना चाहता हूं—हमारे तिवारी जी ने कहा कि यहां पर हर साल रीजनल-इम्बैलेंस पर बहस होती थी । लेकिन मैं आप के माध्यम से तिवारी जी और आप को बतलाना चाहता हूं—हर साल तो यहां बहस होगी ही, लेकिन बहस होने के बाद यदि बहुत दिनों तक उस बहस पर ध्यान नहीं दिया जायेगा, तो मैं इस बात की आवश्यकता नहीं समझूंगा कि मैं इस पार्लियामेंट का मैम्बर बना रहूं । सभापति महोदय, यहां आने का हमारे पास कोई अवसर नहीं था, हम विधान-सभाओं में हल्ला किया करते थ, स्टैटस के पास पैसा नहीं था, केन्द्र ने कभी उस तरफ नहीं देखा । लेकिन अब मुझे विश्वास है कि यह सरकार धरती की तरफ देखेगी, आसमान की तरफ देखना छोड़कर लोगों की बुनियादी जरूरतों की की तरफ देखेगी, जिन के न रहने से हम दुखी ही नहीं हैं, शर्मिदा ही नहीं हैं, लज्जाजनक स्थिति में हैं—वह स्थिति अवश्य दूर की जायेगी ।

**श्री राम नरेश कुशवाहा** (सलेमपुर) : माननीय सभापति महोदय, मैं बड़ा ही आभारी हूं कि आप ने मुझे बोलने का समय दिया । हम लोग कितने पिछड़े हैं, हमारे पिछड़ेपन का यह सुबूत है कि 15 वर्ष पहले की रिपोर्ट पर आज विचार कर रहे हैं । इन 15 वर्षों में दुनिया कहां-से-कहां पहुंच गई—इस का कोई लेखा-जोखा पटेल आयोग की किताब में नहीं मिलेगा । हम 15 वर्ष पहले जितने पिछड़े थे, इन 15 वर्षों के ज़माने में हम कितना और पीछे चले गये, इस का केवल अनुमान ही लगाया जा सकता है ।

पटेल आयोग का कहना है—मैं नहीं कह रहा हूं—पूर्वी उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में जहां फी आदमी पर 19 ग्राम घी खर्च होता है, उत्तर प्रदेश के ही मथुरा जिले

[ श्री राम नरेश कुशवाहा ]

में 76 ग्राम खर्च होता है । सारे उत्तर प्रदेश में जनसंख्या का जो घनत्व है, उस का दूना अकेले देवरिया जिले का है । सभापति महोदय, जब कभी पूर्वी उत्तर प्रदेश के पिछड़ेपन की बात आती है तो फौरन लोग कह देते हैं कि पूर्वी जिले के लोग आलसी हैं । लेकिन मैं कहना चाहता हूं—सारे देश में जहां कहीं भी मेहनत का काम होता है—वहां जाकर आप देखिये—केवल उत्तर प्रदेश और बिहार के लोग ही आप को मिलेंगे । चाहे बम्बई हो, चाहे कलकत्ता हो—जहां कहीं भी निर्माण का काम हो रहा हो, श्रमिकों की जरूरत हो तो आप को उत्तर प्रदेश के पूर्वी जिलों के आदमी मिलेंगे, बिहार के आदमी मिलेंगे । हिन्दुस्तान में जितनी खानें हैं—उन में जितने श्रमिक काम करते हैं, उन में आधे से अधिक पूर्वी जिलों के हैं, बिहार के हैं । पत्थर काटने वाले कोयला काटने वाले, अधिक से अधिक काम करने वाले इन्हीं जिलों के लोग हैं । मैं आप के माध्यम से सरकार से पूछना चाहता हूं —क्या आप ने कभी उन को काम करने का अवसर दिया ? उन को कभी भी काम करने के अवसर नहीं मिले ? फिर भी उन को काम-चोर कहा जाता है । पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोग कामचोर नहीं हैं, अगर कामचोर होते तो कोयला खदानों में काम नहीं करते, बम्बई में जा कर भैया जी नहीं कहलाते, कलकत्ते में जा कर हिन्दुस्तानी नहीं कहलाते । जहां कहीं भी कुली मिलेगा—वह पूर्बिया ही मिलेगा, पश्चिमी बिहार का मिलेगा । रिक्शा चलाने वाला, खोमचा लगाने वाला—सब इन प्रदेशों के ही मिलेंगे । इस तरह मेहनत करने वालों की गरीबी का उपहास करना, काम-चोर कहना उचित नहीं है । आज तक आप ने उन को कौन-सा काम दिया है ?

पूर्वी उत्तर प्रदेश आज अपने क्रान्तिकारी स्वभाव का फल भोग रहा है । गुलामी के दिनों में पूर्वी उत्तर प्रदेश ने मुगल बादशाहों के छक्के छुड़ा दिये थे । मेरे ही क्षेत्र में मझौली राज्य है, जहां का राजा जब औरंगजेब से हार कर अपने महल में गया तो उस की रानी ने उसे महल में प्रवेश नहीं करने दिया । वह सलीम नाम का राजा था, उसी के नाम से हमारे यहां सलीमपुर कस्बा है । उस की रानी अंत तक लड़ती रही । 1857 में बाबू कुंवर सिंह के नेतृत्व में पूर्वी जिलों ने जितनी लड़ाइयां लड़ी, उस का इतिहास बेजोड़ है । अंग्रेजों के साथ, मझौली की लड़ाई में हमारे श्री भंवन सिंह, गोपाल सिंह और मेरे पितामह श्री रामनाथ जी कुशवाहा को गोली का शिकार बनाने के आदेश हो गये थे, उन की सारी सम्पत्ति छीन ली गयी थी । अंग्रेजों के साथ भी लड़ाइयां हुई, उसमें अगर आप इतिहास उठा कर देखें, तो पूर्वी उत्तर प्रदेश का हिस्सा सब से ज्यादा है और कांग्रेस के जमाने में भी सन 1952 के चुनाव में सब से पहले सोशेलिस्ट पार्टी का झंडा गाड़ने वाला वही इलाका है । अकेले देवरिया में चार विधान सभा की सीटें और एक लोक सभा की सीट सोशिलस्ट पार्टी ने दी थी जबकि सारे उत्तर प्रदेश में लोक सभा की दो सीटें सोशलिस्ट पार्टी को मिली थीं और वे बलिया और देवरिया के जिले थे । इन दोनों जिलों में मेरा क्षेत्र पड़ता है ; मेरा कहना यह है कि हमेशा पूर्वी उत्तर प्रदेश ने सत्तारूढ़ पार्टी से टक्कर ली है लेकिन जब विकास की बात होती है चाहे वह उन्नत बीज देने की बात हो और चाहे दूसरी चीजों की बात हो, वे उस को नहीं मिली । बीज की बहुत सी वेरायटीज निकली हैं और पता नहीं क्या-क्या हुआ लेकिन मैं आपको बताना चाहता हूं कि पूर्वी उत्तर प्रदेश के चीनी मिलों के संघ के अध्यक्ष श्री भगवती प्रसाद खैतान ने जो एक किताब "प्राब्लेम आफ़ शूगर इण्डस्ट्री इन ईस्टर्न यू० पी०" लिखी है, उस में उन्होंने बताया है कि सन 1939 में जब कोई गन्ना विकास विभाग नहीं था, तो पूर्वी जिलों की जो चीनी मिलें हैं उन में रिकवरी 11 पर सेन्ट थी और आज हम क्या देखते हैं कि सब विकास होने के बाद, अच्छे

बीज और अच्छी खाद देने के बाद भी रिकवरी 9 और 10 पर सेन्ट के बीच में है। इस में हमारा क्या दोष है, हमारे खेतों का क्या दोष है, हमारे गन्ने का क्या दोष है ? मेरा कहना यह है कि 1934 और 1939 के बीच में जो चीनी मिलें बनी थीं, वे आज पुरानी हो गई हैं जोकि गन्ने के रस से पूरी रिकवरी नहीं देती हैं । इन मिलों की मशीनरी खराब हो गई है और इस से बेचारे गरीब किसानों का नुकसान होता है । इसके अलावा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में चीनी के दाम एक रुपये ज्यादा मिलते हैं और पूर्वी उत्तर प्रदेश में एक रुपया कम मिलते हैं । इसलिए मेरा आप से नर्म निवेदन यह है कि पटेल कमीशन की जितनी सिफारिशें हैं उन को लागू किया जाए । पटेल कमीशन ने कहा था कि वहां के विकास के लिए पहली शर्त यह है कि ब्रोड गेज लाइन वहां पर बनाई जाए । अगर ब्रोड गेज लाइन बन जाती है, तो हम बहुत-सी योजनाओं को पूरा कर सकते हैं और वहां पर विकास का काम हो सकता है । मैं आपको बताऊं कि वहां पर छतौनी में एक रेल का पुल बनने का प्रस्ताव था और उस का उद्घाटन भी हो गया था और काम भी शुरू हो गया था लेकिन अब हम ने सुना है कि वह काम बन्द हो रहा है । मैं यह कहना चाहता हूं कि पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिलों का विकास तब तक नहीं हो सकता जब तक पटेल कमीशन के सुझावों को अमल में नहीं लाया जाता, वहां पर उस पुल को नहीं बनाया जाता, और पूर्वी जिलों को बड़ी लाइन से नहीं जोड़ा जाता। हमारे यहां उद्योगपति हैं लेकिन वे कलकत्ता चले जाते हैं और वहां पर अपने इंडोग लगा लेते हैं । मैं ने कई उद्योगपतियों से पूछा कि आप हमारे यहां उद्योग क्यों नहीं लगाते हैं तो उन्होंने कहा कि अगर हम वहां उद्योग लगाएं तो जो कच्चा माल है वह वहां कैसे आएगा और यह बात सही है । मैं आप से कहना चाहता हूं कि पूर्वी उत्तर प्रदेश और पश्चिमी बिहार के लोगों ने जाकर सारे देश के निर्माण का काम किया है आप उन्हें निकम्मा नहीं कह सकते । आज अगर उन्होंने विकास का कार्य न किया होता और इतना परिश्रम न किया होता, तो ये बम्बई और कलकत्ता इतने बड़े शहर कैसे बन गये लेकिन आज यह कहा जाता है कि **बंगाल फार बंगालीज और महाराष्ट्रफार महाराष्ट्रियन्स** । यह कितने दुःख की बात है । उत्तर प्रदेश के पूर्वी जिलों के लोग सूरीनाम में जा कर काम कर सकते हैं और वहां मिनिस्टर बन सकते हैं, गुयाना में काम कर सकते हैं लेकिन अपने देश में उन से यह कहा जाता है कि बंगाल में बंगाली, बिहार में बिहारी और महाराष्ट्र में महाराष्ट्री और इस तरह का आज नारा लगाया जाता है । मैं उदाहरण के तौर पर आप को बताना चाहता हूं कि हमारे पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ लड़के बिहार में मेडिकल कालेज में पढ़ते हैं लेकिन पढ़ने के बाद उन को उत्तर प्रदेश में नौकरी नहीं मिलती और उन को कह दिया जाता है कि तुम ने हमारे यहां से ग्रेजुएशन नहीं किया है, इसलिए तुम को यहां पर नौकरी नहीं मिल सकती और जिन लड़कों ने हमारे यहां से ग्रेजुएशन किया है, उन को नौकरी दी जाएगी और बिहार सरकार कहती है कि तुम तो यहां के रहने वाले नहीं हो, इसलिये तुम को नौकरी नहीं दी जा सकती है । तो वे कहां जाएं ? क्या पाकिस्तान में नौकरी करने के लिए जाएं ।

"वक्त गुलशन पर पड़ा तब तो लहू
हम ने दिया
जब बहार आई तो बोले, तेरा काम
नहीं" ।

पत्थर तोड़ने के लिए, कोयला निकालने के लिए, मशीनों को इंस्टाल करने के लिए, कुलीगिरी करने के लिए और रिक्शा चलाने के लिए तो पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोग हैं और जब निर्माण हो गया और अच्छा खाने का समय आया, तो कहते हैं कि तुम्हारी जरूरत नहीं है और तुम अपनी जगह पर जाओ ।

[श्री राम नरेश कुशवाहा]

श्रीमन् मैं आपसे कहना चाहता हूं कि वहां की कृषि इतनी पिछड़ी हुई है कि पानी के बिना उसकी दुर्दशा हो रही है । श्रीमन् उत्तर प्रदेश की तमाम नदियां पूर्वी उत्तर प्रदेश में जाती हैं । बड़ी गण्डक, गंगा दोनों किनारों से और बीच से घाघरा जाती है । इन सब नदियों के बीच में बाढ़ों में पूरा का पूरा पूर्वी उत्तर प्रदेश डूब जाता है लेकिन उन पर बांध बनाने का कोई स्थायी प्रबंध आज तक नहीं हुआ । अगर वहां पर भानू, करनाली, किसाऊ और पंचेश्वर बांधों की योजनाओं को जल्दी से जल्दी कार्यान्वित कर दिया जाए तो वहां पानी और बिजली की कमी तो दूर होगी ही साथ ही साथ वहां की भूमि को सिचाई का साधन भी मिल जाएगा ।

एक मैं आप से यह भी निवेदन करना चाहता हूं कि हमें अपने प्रशासन के ढांचे में भी परिवर्तन करना होगा । यह नौकरशाही वही है जो शासन करने के लिए बनायी गयी थी । यह नौकरशाही विकास करने के लिए नहीं बनायी गयी थी । इसको विकास करने की ट्रेनिंग नहीं मिली है । हमारे यहां एक अफसर हैं जिनसे हमारा सम्बन्ध है । वे अमेरिका गये । उन्होंने हमें बताया कि वहां सचिव और एक क्लर्क एक साथ बैठते हैं । बीच में कोई पर्दा नहीं लगाया जाता, कोई अलगाव नहीं रखा जाता । लेकिन हमारे यहां अफसरों को ऐसी ट्रेनिंग दी जाती है कि क्लर्क के साथ न बैठो, उसे अलग रखो, उससे रौब के साथ बात करो, उसको डरा कर उस पर प्रशासन करो । यह नौकरशाही विकास करने के लायक नहीं है । इसलिये हमें प्रशासनिक ढांचे में परिवर्तन करना होगा । जब तक यह नहीं होता, तब तक हमारा विकास नहीं हो सकता ।

श्रीमन् एक ही गांव में कितने ही कर्मचारी होते हैं । सैक्रेटरी होता है, ग्रुप अकाऊंटेंट होता है, गन्ना ग्राम सेवक होता है, सुपरवाइजर होता है और न जाने क्या क्या होता है । दुनियांभर के कर्मचारी होते हैं । किसान को एक कुएं के लिए अगर कर्जा लेना होता है तो उसे दस जगह दौड़ धूप करनी होती है । तब जाकर उसे कर्जा मिलता है । पहले वह ग्राम सेवक के पास जाता है, फिर उसका कागज लेखपाल के पास जाता है, वहां से कानून गो के पास जाता है, तहसीलदार के पास जाता है और तहसीलदार से फाइल बी० डी० ओ० के पास जाती है । यह काम एक ही दो कर्मचारी के जिम्मे हो तो कितनी जल्दी काम हो सकता है ।

खाद का जो गड्ढा बनता है वह बनता तो तीन गड्ढा है लेकिन इन कर्मचारियों की वजह से कागजों में वह तीस गड्ढा बन जाता है । क्योंकि सभी कर्मचारी रिपोर्ट करते हैं कि तीन गड्ढा बन गया और वह कागजों में दस कर्मचारियों के रिपोर्ट करने पर तीन गड्ढों का तीस गड्ढा बन जाता है । इसलिए मैं कहूंगा कि जब तक सरकारी नौकरशाही में परिवर्तन नहीं होगा तब तक देश का विकास नहीं हो सकता ।

जिस तरह से हमारे यहां वैश्य, क्षत्रिय, शूद्र जातियां हैं उसी प्रकार इस नौकरशाही की भी जातियां बन गयी हैं—आई० ए० एस०, आई० पी० एस० और जान क्या क्या । इनमें घुसना गरीब आदमी के बस का नहीं है । मैं आपसे स्पष्ट करना चाहता हूं कि यह इन्टरव्यू इसलिए रखा जाता है कि एक अफसर के यहां लड़का अफसर बने, कलेक्टर का लड़का, कलेक्टर बने, एक मिनिस्टर का लड़का मिनिस्टर बने । लिखित परीक्षा में प्रथम आने पर भी छोटे आदमी का लड़का साक्षात्कार में पीछे धकेल दिया जाता है । यही हाल प्रेक्टिकल में होता है । जो बच्चा लिखित परीक्षा में सर्वप्रथम होता है उसे प्रेक्टिकल में नम्बर कम देकर के चौथे-पांचवें नम्बर पर कर दिया जाता है ।

इसलिए श्रीमन् इस प्रशासनिक ढांचे को जब तक नहीं ठीक किया जाएगा तब तक पूर्वी उत्तर प्रदेश क्या देश का विकास नहीं हो सकता है। इस वर्तमान ढांचे को बदलना आवश्यक है।

अन्त में मैं एक ही बात कहना चाहता हूं। जितनी भी योजनायें बन रही हैं वे योजनायें कृषि पर आधारित होनी चाहिएं, कृषि पर आधारित कल कारखाने वहां पर स्थापित किए जाने चाहिएं। कुछ वहां पर सरकारी कल कारखाने लगें जिनको फीड करने के लिए वहां छोटे-छोटे गृह उद्योग स्थापित हों, वे पनपें। वहां पर कालीन उद्योग, करघा उद्योग, फल संरक्षण उद्योग जो हैं इनको बढ़ावा दिया जाना चाहिए। कालीन और करघा उद्योग वहां के बहुत पुराने उद्योग हैं। मैं चाहता हूं कि जो भी काम वहां पर आप करें, नियोजित ढंग से करें ताकि वहां लोगों की रोजी रोटी का प्रबंध हो सके।

**18.21 hrs.**

[SHRI M. SATYANARAYAN RAO *in the Chair*]

**श्री ओम प्रकाश त्यागी** (बहराइच) : सभापति महोदय, इस प्रस्ताव का मैं हार्दिक स्वागत करता हूं। जिस रिपोर्ट पर आज चर्चा चल रही है यह लगभग तेरह वर्ष पुरानी है। तब से गंगा के नीचे से पता नहीं कितना पानी बह कर चला गया है। आजादी के पश्चात् उत्तर प्रदेश का नम्बर उन्नत प्रान्तों में से लगभग तीसरा था। परन्तु आज उत्तर प्रदेश की स्थिति यह है कि नीचे से उसका तीसरा नम्बर है। ऊपर से नहीं बल्कि नीचे से उसका तीसरा नम्बर है। 1962 में यह अनुभव किया गया था कि ये चार जिले पिछड़े हुए हैं। और उन के ऊपर विचार किया जाएगा। इसके लिए कमीशन बिठाया जाए और पता लगाया जाए कि उसकी उन्नति कैसे हो सकती है। लेकिन इन तेरह वर्षों में स्थिति यहां तक आ कर बन गई है कि आज समूचा उत्तर पूर्वी क्षेत्र, पूर्वी उत्तर प्रदेश ही पिछड़ा हुआ बन गया है। देवरिया, गाजीपुर, जौनपुर, गोरखपुर, गोंडा, बहराइच बस्ती आदि इनमें से किसी में भी आप कोई अन्तर नहीं कर सकते हैं। उनकी स्थिति एक दूसरे से ज्यादा बदतर है। समूचा पूर्वी उत्तर प्रदेश आज पिछड़ा हुआ क्षेत्र बन गया है। मैं समझता हूं कि केवल चार जिलों तक ही यह समस्या सीमित नहीं है, यह समूचे पूर्वी उत्तर प्रदेश की समस्या है।

सभापति महोदय, आपको सुन कर आश्चर्य होगा कि जिस क्षेत्र की भूमि बहुत उपजाऊ है, जिस भूमि के नीचे पानी का भंडार है, जहां जंगलात हैं, जहां उद्योगों के लिए खूब सम्पत्ति है वह क्षेत्र भी पिछड़ा हुआ है। अगर कोई रेगिस्तान होता तब तो बात समझ में भी आ सकती थी। लेकिन वह इलाका साधन सम्पन्न है लेकिन फिर भी सबसे पिछड़ा हुआ है। वहां पीने का पानी तक नहीं है। वहां लोगों के पास रोजी-रोटी का प्रबंध नहीं है। वहां के लोग बेकार घूम रहे हैं। वहां के लोगों के पास सिर ढकने के लिए छत नहीं है। जाड़े की रातें वहां के लोगों को आग के सहारे बितानी पड़ती हैं। यह बहुत ही लज्जा की बात है। कांग्रेस सरकार के लिए तो यह एक बहुत बड़े कलंक की बात है। स्वर्गीय पं० जवाहर लाल नेहरू के शब्दों में मैं कहना चाहता हूं कि भुवनेश्वर कांग्रेस के वक्त उन्होंने यह कहा था कि हमारी आर्थिक नीतियां इस प्रकार से गलत हो गई हैं कि कुछ अमीर आदमी और अमीर होते हुए चले गए हैं और गरीब आदमी और गरीब होते हुए चले गए है। उन्हीं के कथन की करुण कहानी हमारे सामने आज आई हुई है।

सभापति महोदय, मैं बहराइच से आता हूं। वहां की स्थिति से आप परिचित ही हैं। वहां की जमीन बहुत जरखेज ही वहां का इलाका बहुत बढ़िया है। जो है।

[श्री ओम प्रकाश त्यागी]

बहुत पैदावार होती है । लेकिन स्थिति इस वास्ते खराब है कि वहां यातायात के साधन नहीं हैं । अगर ये साधन हो जांय तो मैं समझता हूं कि उत्तर प्रदेश में नम्बर एक पर बहराइच आ सकता है । वहां मक्का होता है, सरसों होती है, गेहूं का वह भंडार है । लेकिन यातायात के दृष्टिकोण से वह बहुत पिछड़ा हुआ है । वहां पर अगर घाघरा का पुल बना दिया जाए और देहातों तक सड़कों का जाल बिछा दिया जाए तो अकेला बहराइच जिला उत्तर प्रदेश के लिए अन्न का भंडार बन सकता है । वहां पर यातायात के साधनों का नितान्त अभाव है । वहां के लोगों को वर्षा के दिनों में गोंडा हो कर तब उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ आना पड़ता है । लम्बा चोड़ा चक्कर काट कर आना पड़ता है । जरवर रोड पर 1 अप और 2 डाउन का रुकना बन्द कर दिया गया है । न मालूम हमारे रेल मंत्री महोदय को कैसे किसी ने सुझाव दे दिया कि इसका रुकना वहां बन्द कर दिया जाए, और मेल ट्रेन का रुकना बन्द हो गया । आज बहराइच की जनता कहां जाए ? व्यापारी कहां जायें । अब इसका परिणाम यह है कि देहात के लोग अपनी पैदावार को मंडी तक नहीं ला पाते है, शहर तक नहीं ला पाते हैं । वहां पर व्यापारी बैठे हुए हैं, डकैत, वे मनमानी कीमत पर अगर बाजार में अस्सी रुपए का भाव है तो पचास साठ रुपए दे कर उसकी उपज को खरीद लेते है । वहां पर किसानों को लूटा जा रहा है । यह बनावटी गरीबी पैदा की जा रही है । सिचाई के पानी के लिए ट्यूबवैलों के जाल की बात कहते हैं । मेरा कहना हैं कि पानी वहां है, नदियां वहां हैं, लेकिन नहर और छोटी सिचाई का प्रबंध चाहिये । आप कुछ न कोजिए केवल सड़कें बना दोजिए, सिचाई का प्रबंध कर दोजिए, उनको यातायात दे दीजिए, अपने आप वह क्षेत्र उन्नत हो कर खड़ा हो जायेगा । लेकिन ऐसा नहीं हुआ । आज निर्धनता की हालत क्या है ? मैं आर्थिक स्थिति की थोड़ी-सी बात कहता हूं । प्रान्त के और लोगों की जहां परकैपिटा इनकम 261 रु० है वहां इन चार जिलों में 172 रु० पैरकैपिटा इन्कम है । और दैनिक मजदूर की आमदनी जौनपुर में 80 पैसे, आजमगढ़ में 69 पैसे, देवरिया में 98 पैसे और गाजीपुर में 66 पैसे है । इससे ज्यादा लज्जा की बात और क्या हो सकती है । 66 पैसे में तो आदमी को चने के दाने भी नहीं मिल सकते हैं । यह उनकी हालत है । इसलिए पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिलों के लोग भाग कर सड़कों पर जानवरों का जीवन व्यतीत कर रहे हैं । कोई झल्ली ढो रहा है, तो कोई दरबानी कर रहा है, कहीं साइकिल रिक्शा चला रहे हैं, और पंजाब में तथा अन्य जगहों में जा कर, जैसा मेरे एक भाई ने कहा कि बम्बई में उनको भैया कहा जाता है । यह हम सबकी बेइज्जती है । भैय्या माने हैं नौकर, गरीब आदमी । इस प्रकार की आर्थिक स्थिति ने वहां के लोगों को मजबूर कर दिया उस भूमि से भागने के लिए जो उर्वरा है, जिसको स्वर्ग बनाया जा सकता है । लेकिन सरकार की अयोग्यता के कारण आज वह नरक बन गई है, वहां आज गरीबी का तांडव नृत्य हो रहा है और जनता वहां से भाग रही है ।

मुझे आश्चर्य है, बड़ी डींग मारते हैं और जनता पार्टी की आलोचना चलती है । मैं कहता हूं कि पटेल कमीशन की रिपोर्ट 1964 में आ गई 13 साल तक आप क्यों चुप रहे ? यहां हरिजनों और गरीबों का बड़ा भारी पक्ष लिया जाता है और कहा जाता हैं कि जनता पार्टी हरिजनों के लिए नहीं है । मैं कहना चाहता हूं कि इन चार जिलों में 21 प्रतिशत लोग हरिजन हैं और वहां पर करीब 96 प्रतिशत लोग देहातों में रहते हैं । वहां सब कुछ है, सब साधन उपलब्ध हैं, लेकिन वहां अभी तक कांग्रेस सरकार ने कुछ

भी नहीं किया है। इसमें योजनाओं की आवश्यकता नहीं है। पटेल कमीशन ने बड़ी अच्छी योजनायें दे दी हैं, उन्होंने लिखा है कि लघु योजनाओं का पैटर्न तमाम जिलों में क्या हो सकता है। आजमगढ़ के लिए 20 लघु उद्योग योजनाओं को सुझाव दिया है, देवरिया में 14 लघु उद्योग योजनायें, गाजीपुर में 15 लघु उद्योग योजनायें और जौनपुर के लिए 12 लघु उद्योग योजनाओं का सुझाव दिया है। मैं चाहूंगा कि वहां जिला स्तर पर आप योजना बोर्ड बना दीजिए तमाम जिलों में, केवल चार जिलों में ही नहीं, क्योंकि सब को अपनी अपनी योजनाओं का पता है कि क्या हो सकता है और क्या नहीं। और आप धन की व्यवस्था कर दीजिए, सड़क बनाने की व्यवस्था कर दीजिए और कुटीर उद्योगों के लिए ट्रेनिंग सेन्टर जिले पर बना दीजिए और वहां इस प्रकार का प्रबंध कर दीजिए ताकि जो माल वहां बने वह खरीदा जा सके। इस प्रकार लघु उद्योगों के द्वारा उस क्षेत्र की उन्नति की जा सकती है, बेकारी और गरीबी दोनों का समाधान हो सकता है। जनता सरकार ने इस प्रकार की योजना बनायी है। मैं समझता हूं कि जनता सरकार का अगर कहीं परीक्षण होगा तो वह उत्तर प्रदेश के पूर्वी क्षेत्र में होगा। देखते हैं जनता सरकार अपनी योजनाओं को पूर्वी उत्तर प्रदेश से ही शुरु करेगी।

---

**18.29 hrs.**

## HALF-AN-HOUR DISCUSSION

### FLOOD SITUATION IN THE COUNTRY

MR. CHAIRMAN: We will now take up Half-An-Hour Discussion.

Shri Prasannbhai Mehta.

SHRI PRASANNBHAI MEHTA (Bhavnagar): Mr. Chairman, Sir, I raise this Half-An-Hour Discussion in regard to flood situation in the country arising out of the answer given to the Unstarred Question No. 126 dated the 14th November, 1977. Flood and famine have become a permanent phenomenon in our country.

**श्री रूपनाथ सिंह यादव** (प्रतापगढ़) : सभापति महोदय, यदि पूर्वी उत्तर प्रदेश सम्बन्धी मोशन के लिए कुछ समय और दे दिया जाये, तो हम लोग भी दो-दो मिनट में अपनी बात कह लें।

**सभापति महोदय** : मैं तो सब सदस्यों को समय देना चाहता था, लकिन यह विषय ऐसा है कि माननीय सदस्य पांच मिनट में अपनी बात नहीं कह सकते हैं। अब तो खैर हाफ-एन-आवर डिसकशन शुरू हो गया है। माननीय सदस्य कल इस बारे में स्पीकर साहब से कह सकते हैं।

SHRI PRASANNBHAI MEHTA: Floods cause a considerable damage in various parts of the country every year. The situation is very alarming. Both the Central Government and the State Governments spend a huge amount on relief, rescue and rehabilitation work every year, but, unfortunately, very little has been done to control floods in the flood-prone areas.

Sir, for the benefit of the House, I would give some figures which indicate how serious and grave the flood situation is and also its magnitude. It is a different matter that people reconcile psychologically after the occasion is over.

In our country, the average damage caused by floods every year is of the order of Rs. 124 crores. This figure represents only the direct damage caused by floods. Huge indirect damage is also caused due to disruption in communications, loss in subsequent production, expenditure on relief operation and rehabilitation work.

[Shri Prasannbhai Mehta]

etc. I would like to bring to the notice of the hon. Minister one thing, and ask him. Whether it is a fact that at present there are no scientific methods to assess such indirect damage. But the indirect damage mostly exceeds the direct damage.

The total direct loss to the country during the period from 1953 to 1971 is as much as Rs. 2,360 crores. It should be a matter of concern to this House that the flood damage is increasing every year. The average annual damage during the period from 1953 to 1961 was Rs. 55 crores. The average annual damage during the period from 1962-1977 was Rs. 183 crores; the average annual damage during the period from 1967 to 1977 was Rs. 311 crores. This year, that is in the year 1977, the damage is horrible. The total damage to crops, houses and public utilities is of the order of Rs. 31215 lakhs, that is, Rs. 312 crores. The highest is in Rajasthan. The damage in Rajasthan is of the order of Rs. 7405 lakhs. Second is Haryana; it comes to Rs. 6500 lakhs. There is a great damage in Gujarat also. It is of the order of Rs. 5399 lakhs, that is, Rs. 53 crores.

The hon. Minister had laid on the Table of the House a statement regarding flood situation in the country and the steps taken by the Government to meet the situation on 5th August, 1977. On page 250, it says:

"In Gujarat there were heavy rains in the State during the last week of June affecting parts of Kutch, Rajkot, Junagarh, Banas Kantha brought to the Bhavnagar Sabakantha, Mehsana, Gandhinagar, Ahmedabad, Kheda, Panchmahal, Vadorda, Bharuch, Surat and Valsad district."

"Banaskantha and Mehsana districts again experienced heavy rains during the last week of July. According to the reports received from the State Government, a population of 9.68 lakhs has been affected in 1587 villages."

In reply to Unstarred Question No. 126 of 14th November, 1977, it has been said that the population affected in Gujarat is 32.97 lakhs.

In my district, Bhavnagar, there is a river called Kalubhar. This river brings destruction often and many villages are affected by the flood waters of this river. Here I want to make one suggestion. If this river, Kalubhar, along with another river called Ghelo, are tamed and their water are brought to the Bhavnagar Port, it will serve two purposes; first, it will control the floods and will protect the flood-affected villages; and, secondly, it will also flush the creek of the Bhavnagar Port and will keep the Port-Harbour—in proper condition.

Now, the basic question is about financing of the relief expenditure. At present it is governed by the recommendations of the Sixth Finance Commission. What the Sixth Finance Commission says about it, I would like to quote:

"In the light of our analysis of the advantages and disadvantages of the establisnment of a National Fund, and the views expressed by the State Governments, we have concluded that the establishment of a National Fund, fed by Central and State contributions, is neither feasible nor desirable. At the same time, the present arrangements for providing assistance to the States for meeting expenditure on relief operations need to be completely overhauled. Detailed programmes of both medium and long term significance for permanent improvement of the areas liable to drought and flood should be drawn up with the utmost urgency and these programmes fully integrated with the Plan. We strongly urge that instead of incurring expenditure on relief on ad hoc basis on schemes of dubious value, provision should be made on a much larger scale for development of drought and flood-prone areas in the Fifth Plan both in the State and

Central sectors. Any assistance which is provided to the States for purposes of relief in this manner would be subject to the overall ceiling of Central assistance for the Plan period as a whole. At the same time we feel that the provision of a reasonable margin in the forecasts of State expenditure should be considered as a legitimate charge on the revenue accounts of the States. We recommend the following annual provisions under "64-Famine Relief" for different States."

Then there is a list of States showing the amount to be allocated to them every year.

Now I would put my questions to the hon. Minister. It is the experience of the flood-prone States that the formula provided by the Sixth Finance Commission is too inadequate. Therefore, I would like to know from the hon. Minister whether Government will consider reviewing or revising this formula for financing of relief expenditure keeping in view the factual position. Also I want to know what concrete measures Government propose or contemplate to take to implement the flood-control schemes in various States, including Gujarat. Lastly, will the Union Government give additional financial assistance to State governments over and above what they are entitled to in accordance with the recommendations of the Sixth Finance Commission and, if so, on what basis?

SHRI K. MALLANNA (Chitradurga): Sir, I must thank the hon. Member who brought up this discustion. Almost every year the country is suffering because of floods. Not only the States through which the rivers run, but other States also suffer, either because of over-flow of rivers or because of cyclone—as has been the recent experience of Tamilnadu and Andhra Pradesh. We have to face this flood situation almost every year, and you know the havoc that is created by floods—many thousands of people, die, cattle perish, huts and houses collapse and thousands of people are left in a miserable condition. As has been our experience of the recent cyclone, the country faces a lot of trouble due to such calamities. In the circumstances, I will express some thoughts that have occurred to me and I would like to know the reaction of the Minister.

So far as funds are concerned, as my friend Shri Prasannbhai Mehta has said, when such disastrous calamities occur, the States have to run to the Centre for funds and the Centre take a long time to allot the funds because of administrative procedures. The States are very poor and cannot meet the expenditure necessitated by floods and will therefore have to depend on the Centre. So I strongly feel that a Central Fund is necessary. In the circumstances, may I know what is the loss we incur every year due to floods and how much area is covered by flood control measures? Is the Government thinking of comprehensive plans which will afford protection against floods and also for giving relief after such floods occur?

Lastly, our floods warning system is not in good shape: adequate and sophisticated measures should be adopted.

Sir, I would once again ask whether the Government is going to form a Central Fund immediately for the flood affected areas. I would add that there are certain anti-social elements which crop up during such a situation and misuse the money that is meant for flood relief, regardless of the human tragedy. I would therefore like to know whether Government is thinking of an effective machinery to see that the funds are used properly.

SHRI CHITTA BASU (Barasat) Mr. Chairman, Sir, out of the total flood-affected area of 250 lakh hectares in our country, only 95 lakh hectares have been provided with some kind of protective measures leaving a gap of 155 lakh hectares. I would like to know

[Shri Chitta Basu]

from the hon. Minister what broad steps the Government proposes to take to provide minimum protective measures for these 155 lakh hectares. Does the Government consider it desirable to formulate a crash programme for this and implement it as early as possible?

As we know, several Commissions have been set up all over the country and there was one such Commission in West Bengal, the North Bengal Flood Control Commission. May I know, whether the Commission have already made certain recommendations and if so, what broad steps the Government of India propose to take to implement those recommendations?

I would like to mention that the Government of India think that the flood control is within the purview of the State Government. It is a national problem as mentioned by Shri Mehta. Having this aspect of the matter in mind, will the hon. Minister kindly assure the House that the flood control measures will be looked after by the Central Government for the country as a whole, instead of shifting this responsibility to the State Governments whose resources are meagre and inelastic, but the needs are elastic.

THE MINISTER OF AGRICULTURE AND IRRIGATION (SHRI SURJIT SINGH BARNALA): Mr. Chairman, Sir, I am thankful to Shri Mehta for raising a discussion on this subject in this House, though this debate did not arise from the answer supplied to the question. Part (c) of the question was:

> 'the steps taken or proposed to be taken by Government to control the floods in the country."

And, it was appropriately replied. Now, the question raised is that the aid given to them has not been correctly mentioned and part (c) of the question was not satisfactorily replied. There was no question regarding aid given to the flood affected areas and on that score, this discussion could not be raised.

Anyhow, the information now asked for is, what aid has been given to the flood affected States. In this connection, I would like to state that Central Teams were deputed to assess the damage in the various States. Immediately after receiving the memorandum from the States, which is done within a period of a week or ten days by the State Governments, a Central team is deputed for assessing the damage and loss in the particular State. The Central Teams were sent to Assam, Gujarat, Himachal Pradesh, Haryana, Orissa, Rajasthan, Uttar Pradesh, West Bengal, and now to Tamil Nadu and Andhra Pradesh; one Team has gone to Kerala. Immediately after the report is submitted, a high-level Committee which is headed by a Member of the Planning Commission considers the recommendations and then comes to a final decision. The following quantum of advance Plan assistance was sanctioned to the various States:

> Assam Rs. 4,98,28,000 or say five crores.
>
> West Bengal: Rs. 441 lakhs.

SHRI PRASANNBHAI MEHTA: What was the total damage against which this aid was given?

SHRI SURJIT SINGH BARNALA: That was provided to the hon. Member along with the question.

On the basis of the assessment by the Central Team and the decision taken by the high-level Committee, this assistance was given. Gujarat—Rs. 10.43 crores, Haryana—Rs. 11 crores, Rajasthan—Rs. 7.97 crores, Himachal Pradesh—Rs. 3.11 crores, Orissa—Rs. 8.52 crores and Uttar Pradesh—Rs. 10 crores. About Andhra Pradesh and Tamil Nadu, I have made a long statement yesterday. So I need not go into that.

In addition, the Food Corporation of India has been directed to make available 20,000 tonnes of wheat to West Bengal and 10,000 tonnes of wheat to Assam for distribution as gratuitous relief. The question of additional supply of 10,000 tonnes of wheat to West Bengal is under active consideration. The Government has also decided to supply 10,000 tonnes of wheat each to Uttar Pradesh and Rajasthan and 5000 tonnes of wheat to Himachal Pradesh for distribution as gratuitous relief. So these were the steps taken for providing relief to these States.

Some information has been asked for by an hon. friend regarding the area and the damage. Flood-prone area in the country, as also mentioned by my hon. friend, Shri Chitta Basu, is 250 lakhs hectares. This is the area prone to floods in the country. Out of this area, as has been correcly stated, so for only 95 lakhs hectares have been covered or efforts made to save those areas and for that 10,260 kilometres of embankments have been constructed and 17850 km length of drainage channels have been prepared. 250 towns have been protected by various schemes and 4700 villages have been raised to a higher level. The total expenses incurred on all these things is Rs. 533 crores. These are the figures regarding the damage....

SHRI CHITTA BOSU: My basic question is: how are you going to cover the gap?

SHRI SURJIT SINGH BARNALA: The gap is a big one but we are doing it. Much more work is being done now than was being done before.

I might mention that upto the Fourth, Five Year Plan, only Rs. 347 crores had been provided and in the Fifth Plan alone Rs. 345 crores have been provided and this year we are spending something like Rs. 81 crores on this, in addition to the money that is being spent on these 2-3 States now.

Regarding the total damage, the figures are staggering sometimes, but these are natural calamities and not much can be done regarding this. For example, may I mention that in 1971 the total damage was Rs. 631 crores and fortunately, in the year 1972 it was only Rs. 158 crores. I call only Rs. 158 crores as compared to the other years. Again in 1973 the damage was to the tune of Rs. 569 crores, 1974—Rs. 569 crores, 1975—Rs. 471 crores and 1976 was a very bad year. The damage was Rs. 886 crores and unfortunately this year we do not know the total damage because of the grave position in Andhra Pradesh, Tamil Nadu and Kerala. So, we are not in a position to assess the total damage now.

In Gujarat also unfortunately this year has been very bad. In the previous years the average loss was to the tune of about Rs. 15.97 crores. This was the average for the year 1954 to 1976. So, all these years the average was Rs. 15.97 crores. This year the damage has been quite high amounting to about Rs. 53 crores.

It was mentioned that every year the damage is increasing and the loss is increasing. That is due to various factors. The prices are also increasing. So we are assessing the damage according to the prevailing prices. For example, in 1954 when we were assessing the damage, the average price level was much lower than the present level. For example, we are assessing the cost of houses, the cost of animals that had perished, the cost of crop damaged and the property damaged. All that has gone up and that is why the figures have become very staggering now.

Efforts are being made to find out a solution for prevention of these floods or for controlling the floods because prevention is not physically possible. We are just pitched against nature. For that purpose a National Commission on Floods has been organised. They have been asked to go into the

[Shri Surjit Singh Barnala]

various matters to evolve a co-ordinated, integrated and scientific approach to the flood control problems and draw up a national plan fixing priorities which could be implemented in the near future. The members of this Commission have gone to various States. They have also circulated a questionnaire for eliciting information from all the States. But, unoftrunately, the response is very poor. The Commission has not received replies from most of the States.

They have visited many States. They have already held discussions with officers and also with the Ministers of those States. Because the Chairman is the Governor, he has the advantage of calling the Ministers also in those Conferences. The response was not as good as he expected.

We are trying to prepare a comprehensive plan and to fix priorities i.e. for which area which type of work could be started.

I myself visited Assam because Brahmaputra has caused heavy..

SHRI K. MALLANNA: Has a comprehensive plan been prepared or not?

SHRI SURJIT SINGH BARNALA: For this plan, questionnaire has been sent to various States for eliciting information and compiling a comprehensive plan. I discussed the matter with the Chief Ministers and various ministers and also the officers. They have different views regarding these embankments. Some said that that should be encouraged and this should be improved and some more embankments should be made. Some people were of the view that the embankments are not necessary. This was their thinking.

We are thinking to fix priorities and to start work. For that I was given some suggestions—that dam should be constructed in all the rivers which fall into Brahmaputra. But dams are to be prepared in other countries which are not friendly and sometimes they are not willing that the dam should be built there. For example, for Bihar, we have to have a dam in Nepal. Sometimes they agree and sometimes they do not agree. Similarly for Assam, most of those rivers come from the neighbouring countries. We cannot do much in that. All the same we have made some proposals to tame these rivers and we are going ahead with it.

t.

SHRI PRASANNBHAI MEHTA: I want to know whether any additional financial assistance will be provided by the Central Government over and above what the State Governments are entitled in accordance with the Sixth Finance Commission? Having in view the inadequacy of the assistance whether any proposal is under consideration to review the assistance to be provided to the States?

I have made one suggestion in regard to the two rivers of my district and I would request the hon. Minister to ask the authorities concerned to examine it.

**19 hrs.**

SHRI SURJIT SINGH BARNALA: So far as assistance provided is concerned, margin money was Rs. 4 crores 55 lakhs for Gujarat and in addition to that Rs. 10 crores and 43 lakhs have been provided this year. But there is no such proposal or thinking going on that this margin money assistance should be abolished or that some radical change in this form of assistance should be made. No thinking is going on. So far as these two rivulets are concerned, since my hon. friend has made some suggestions. I will have them examined to see how best we can help that area in preventing floods in that area.

श्री उग्रसेन (देपरिया) : क्या मंत्री महोदय इस प्रकार की व्यवस्था करेंगे ताकि विधायकों, एम० पीज और एम एल एज के पास नेशनल फ्लड कमिशन एक मिनी क्वेश्चनेयर भेज दे ताकि हम लोग भी अपने सुझाव दे सकें।

SHRI SURJIT SINGH BARNALA: I will request the Commission to send questionnaires to the Members of Parliament also.

SHRI CHITTA BASU: One question has not been answered. I would request the Minister to let us know the information regarding the North Bengal Flood Control Commission.

SHRI SURJIT SINGH BARNALA: I have to look into it. We did receive some suggestions, but I do not know the details. I will find out.

**19.02 hrs.**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Thursday, December 8, 1977/Agrahayana 17, 1899 (Saka).*